दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, सोमवार, 09 फरवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-सप्तमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 03 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
प्रगतिशील युवा
विकसित छत्तीसगढ़
खेल प्रोत्साहन योजना लागू, ओलंपिक विजेताओं के लिए ₹1-3 करोड़ का पुरस्कार और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल ढांचे का विकास
सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट, लगभग 32,000 पदों पर भर्ती
नवा रायपुर में क्रिकेट अकादमी की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को 7.96 एकड़ भूमि आवंटित
160 आईटीआई को मॉडल संस्थान में बदलने हेतु ₹484 करोड़ स्वीकृत
राज्य में युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यम क्रांति योजना
34 नगरीय निकायों में "नॉलेज बेस्ड सोसाइटी" हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल
S-46810
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
सुशासन से समृद्धि की ओर
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
बेमिसाल पंद्रह साल 15th Anniversary नव प्रदेश
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, सोमवार, 09 फरवरी 2026 कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 03 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

टी-20 वर्ल्ड कप से भारत के पोते का पत्ता कटा तो पुत्र ने भी अपने पिता से पंद्रह फरवरी का मैच खेलने से इंकार कर दिया। उसने बाप की जगह बेटे के साथ खड़ा होना मुनासिब समझा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ऐलान किया है कि उनका देश बांग्लादेश के साथ है इसलिए भारत से मैच नहीं खेलेगा। ऐसा करके उन्होंने पाकिस्तानी टीम को भारत के हाथों एक बार फिर पीटे जाने से बचा लिया है। बेटे पर एहसान भी कर दिया और बाप से मार खाने की नौबत भी टाल दी। पाकिस्तान के हजारों टीवी भी टूटने से बच गये।

नवा रायपुर का सफर होगा आसान, अगले 6 महीने में दौड़ेंगी 40 ई-बसें

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्रालय के कर्मचारियों और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रायपुर से नवा रायपुर के बीच अगले छह महीनों में ई-बसों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह परियोजना केंद्र सरकार के सहयोग से संभव हो रही है, जिससे नवा रायपुर में आवागमन सुगम होगा और वहां की बसाहट को बढ़ाने के सरकारी प्रयासों को भी बल मिलेगा।

नवा रायपुर स्थित मंत्रालय और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने वाले लोगों के लिए पिछले सात-आठ वर्षों से चल रहा इंतजार अब समाप्त होने वाला है। प्रशासन ने रायपुर और नवा रायपुर को जोड़ने के लिए 40 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तैयारी पूरी कर ली है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने इस महत्वाकां परियोजना के लिए डीवी प्रोजेक्ट लिमिटेड को चुना है। कंपनी को 73.80 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से टेंडर दिया गया है। अनुबंध के अनुसार, वर्कआर्डर मिलने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर से नवा रायपुर का अधिकतम किराया 45 रुपये

रायपुर से नवा रायपुर का अधिकतम किराया 45 रुपये रखा जा सकता है। एनआरडीए के अधिकारियों के अनुसार, डीजल बसों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे ईंधन की लागत कम होगी और रायपुर तथा नवा रायपुर के शांत वातावरण में प्रदूषण का स्तर भी घट जाएगा।

■ सीसीटीवी कैमरों और जीपीएस से लैस होंगी बसें

■ आठ साल से चल रहा इंतजार अब जल्द होगा खत्म

"ई-बसों के संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हमारा लक्ष्य अगले छह महीने में ई-बसों का संचालन शुरू करना है। इससे यात्रियों को एक आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण मित्र परिवहन का विकल्प मिलेगा।
– चंदन कुमार, सीईओ, एनआरडीए

नवप्रदेश को राज्यपाल का शुभकामना संदेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक 'नवप्रदेश' ने अपना 15वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने अखबार की सालगिरह पर शुभकामना संदेश नवप्रदेश कार्यालय भिजवाया।

लाल आतंक पर नकेल : नक्सलवाद पर एक्शन को लेकर अमित शाह ने ली रायपुर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

कभी नक्सल हिंसा का गढ़ था छत्तीसगढ़ अब विकास का पर्याय बन चुका: गृहमंत्री

रायपुर (नवप्रदेश)। रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शाह ने कहा कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार किसी पर गोली चलाना नहीं चाहती, सभी माओवादी हथियार डाल दें। उनके लिए रेड कार्पेट बिछाकर हम उनका स्वागत करेंगे।

शाह ने आगे कहा कि जहां कम्यूनिस्ट शासन में रहे वहां विकास नहीं कर पाए। जब हम आदिवासियों के कल्याण की बात की, वहां भी अंधकार फैला दिए। विचारधारा ही विनाश की द्योतक विचारधारा है। बहुत जरूरी है कि देश इस विचारधारा से निजात पा ले। अमित शाह ने आगे कहा कि कम्यूनिस्ट वैसे तो डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स में बचे भी नहीं है, दूरबीन लेकर देखना पड़ता है, एक केरल बचा है, यहां भी इस बार समाप्त हो जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। रविवार (8 फरवरी) को उन्होंने राज्य में चल रही नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर राजधानी रायपुर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास बातें

■ सरकार किसी पर गोली नहीं चलाना चाहती, सरेंडर कर मुख्यधारा में आए

■ 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा

"केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में आयोजित एलडब्ल्यूएस सुरक्षा समीक्षा बैठक नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक प्रगति का सशक्त संकेत है। डबल इंजन सरकार की सटीक सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, नक्सल फाइनेंशियल नेटवर्क पर कड़ा प्रहार तथा प्रभावी आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आज छत्तीसगढ़ सहित नक्सल दंश से पीड़ित सभी प्रदेशों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री के सशक्त मार्गदर्शन में हम 31 मार्च तक छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त बनाने के अपने संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ तीव्र गति से अग्रसर हैं।
– **विष्णु देव साय**, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विकास का पर्याय बन चुका : शाह

इसके साथ ही एक दूसरे पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि जो छत्तीसगढ़ कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, बीजेपी की डबल इंजन सरकार में विकास का पर्याय बन चुका है। उन्होंने कहा कि यहां के युवा स्पोर्ट्स, फॉरेंसिक और टेक्निकल एजुकेशन को गति देते हुए अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को भी सहेज रहे हैं। उन्होंने रायपुर में विभिन्न विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक की।

31 मार्च से पहले नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त

गृह मंत्री ने बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर करते हुए लिखा 'आज रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार और अधिकारियों के साथ नक्सल विरोधी अभियानों पर समीक्षा बैठक की। सिक्योरिटी सेंट्रिक स्ट्रेटजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, नक्सल फाइनेंशियल नेटवर्क पर प्रहार व आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आए हैं और इस 31 मार्च से पहले नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो रहा है।

बस्तर माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़

छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र, जिसमें सात जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करता है और लंबे समय से माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में नक्सल-विरोधी अभियान तेज हो गए हैं, जिससे उग्रवादी गतिविधियां काफी कम हो गई हैं। फोर्स के दबाव से नक्सल संगठन बैकफुट पर है।

500 से अधिक नक्सली मारे गए

पुलिस के अनुसार जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में सीपीआई के महासचिव नंबाला केशवा राव उर्फ बसवरजू जैसे शीर्ष नेताओं सहित 500 से अधिक नक्सली मारे गए हैं, जबकि इसी दौरान राज्य में लगभग 1,900 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया जबकि 2,500 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है।

संघ कहे तो पद छोड़ दूंगा, कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है : भागवत

मुंबई (ए.) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के चीफ मोहन भागवत ने रविवार को साफ किया कि वह उम्र के इस पड़ाव पर भी संगठन की आज्ञा का पालन करेंगे। संघ के एक शताब्दी कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि 75 साल की उम्र पूरी करने के बाद उन्होंने संघ को अपनी स्थिति के बारे में बताया, लेकिन संघ ने उन्हें कार्य जारी रखने को कहा है।

मोहन भागवत ने जोर देकर कहा कि 'जब भी आरएसएस मुझसे पद छोड़ने के लिए कहेगा, मैं ऐसा तुरंत करूंगा।' पिछले कई दिनों से संघ के अगले प्रमुख और मोहन भागवत कब तक इस पद बने रहेंगे, इस पर चर्चाएं हो रही थी। मोहन भागवत के इस बयान ने काफी हद तक इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है।

भागवत ने बताया कि संघ प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता, बल्कि क्षेत्रीय और प्रांतीय प्रमुख मिलकर सर संघचालक की नियुक्ति करते हैं। उन्होंने कहा कि आम तौर पर कहा जाता है कि 75 साल के बाद बिना किसी पद के ही काम करना चाहिए। मैंने 75 साल पूरे कर लिए हैं और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अंग्रेजी कभी नहीं बनेगी संघ की कार्यभाषा

संघ के कामकाज में भाषा को लेकर साफ रुख जाहिर करते हुए भागवत ने कहा कि अंग्रेजी कभी भी आरएसएस की कार्यभाषा नहीं बनेगी, क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम भारतीयों के साथ काम करना चाहते हैं। जहां अंग्रेजी जरूरी होती है, हम उसका इस्तेमाल करते हैं। हम इसके विरोधी नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को अंग्रेजी इतनी अच्छी तरह बोलनी चाहिए कि अंग्रेजी भाषी भी सुनने को तैयार हों, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपनी मातृभाषा भूल जाएं। भागवत ने कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा कि संघ का काम संस्कार देने का है, प्रचार का नहीं। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अत्यधिक प्रचार से प्रसिद्धि और फिर अहंकार पैदा होता है, जिससे बचने की ज़रूरत है।

न्यूज गैलरी

ट्रेड डील का असर शेयर बाजार पर दिखेगा

मुंबई(वार्ता)। पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का असर घरेलू शेयर बाजारों में देखा जायेगा। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जायेगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

टैरिफ समझौता उप्र के लिए अवसर : सीएम योगी

लखनऊ(वार्ता)। भारत-अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करेगा। उन्होंने कहा कि समझौते में किसानों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों को पूर्ण रूप से संरक्षित रखा गया है। , साथ ही 'मेक इन इंडिया' को मजबूती मिलेगी और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों की भी सराहना की।

क्या खरीदेगा भारत, 500 अरब डॉलर का सवाल!

नई दिल्ली (ए.)। भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते के तहत भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर लगभग 41 लाख करोड़ रुपये के मूल्य के सामान आयात करने की जो प्रतिबद्धता जताई है वह वैश्विक व्यापार की दिशा बदल सकती है। हालांकि, विशेषज्ञों का

मानना है कि इस लक्ष्य की सफलता केवल भारतीय कंपनियों के ऑर्डर देने पर नहीं, बल्कि अमेरिकी सप्लायर्स की सप्लाई क्षमता पर भी निर्भर करेगी। शनिवार को जारी संयुक्त बयान के बाद अब इस बात पर चर्चा तेज हो गई है कि आखिर किन क्षेत्रों में भारत अपनी खरीदारी बढ़ाएगा और अमेरिका के सामने क्या चुनौतियां होंगी।

आदिवासी समाज के लोगों ने घेरा थाना, सड़क किया जाम

■ **दो लड़कियों के गायब होने बाद भी कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप**

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में आदिवासी समाज के लोगों ने चक्काजाम कर दिया है। सामाज के लोगों ने थाना प्रभारी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए नगरी थाना का घेराव कर दिया। जिसको

देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके हैं और लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि, समाज की दो लड़कियां गायब है और उनकी मिसिंग रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं हो रही है। इसी वजह से समाज के लोगों में आक्रोश बढ़ गया। आदिवासी समाज के लोग थाना परिसर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

तीर्थ यात्रा : दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से टूरिस्ट ट्रेन 9 मार्च को होगी रवाना, 150 यात्रियों के जाने की व्यवस्था

भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन कराएगी पूर्वी भारत के बड़े मंदिरों की यात्रा

नई दिल्ली (ए.)। पूर्वी भारत के प्रमुख हिंदू मंदिरों के दर्शन की योजना बना रहे श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की ओर से संचालित भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से यात्रियों को पूर्वी भारत के दिव्य मंदिरों की यात्रा कराई जाएगी।

यह 10 दिन की यात्रा श्रद्धालुओं को वाराणसी, कोलकाता, गंगासागर, पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क, चिलिका और बैद्यनाथ धाम (ज्योतिर्लिंग) सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाएगी। इस यात्रा के दौरान यात्रियों को सुविधाजनक ट्रेन यात्रा के साथ पूजा स्थल भ्रमण और स्थानीय

अनुभव का अवसर भी मिलेगा।

दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 9 मार्च को रवाना होगी। इस यात्रा में लगभग 150 यात्रियों के जाने की व्यवस्था है। इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं। इस बार के टूर के माध्यम से यात्रियों को पूर्वी भारत के प्रमुख दिव्य मंदिरों के दर्शन कराए जाएंगे, जिनमें वाराणसी, कोलकाता, गंगासागर, पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क, चिलिका और बैद्यनाथ धाम (ज्योतिर्लिंग) शामिल हैं। यात्रा के दौरान न केवल मंदिरों बल्कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों पर भी भ्रमण कराया जाएगा। आईआरसीटीसी की यह पहल देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रियों को धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभव एक साथ उपलब्ध कराने के लिए की जा रही है।

पैकेज में क्या-क्या शामिल: भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन में एसी की तीनों श्रेणियों के कोच उपलब्ध होंगे। यात्रियों को इस पैकेज में शाकाहारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

18 मार्च को सफदरजंग वापस लौटेगी गाड़ी

इस 10 दिन की यात्रा में श्रद्धालुओं को वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन का अवसर मिलेगा और साथ ही गंगा आरती का भी अनुभव कराया जाएगा। इसके अलावा, कोलकाता में यात्रियों को विक्टोरिया मेमोरियल, काली घाट और दक्षिणेश्वर काली मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। यात्रा का अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा पुरी के जगन्नाथ मंदिर और झारखंड स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर की यात्रा है। यह धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा 9 मार्च को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी और 18 मार्च को वहीं वापस लौटेगी।

आबकारी भवन में लगी आधी रात भीषण आग, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (नवप्रदेश)। राजधानी रायपुर के लाभांडी क्षेत्र में स्थित आबकारी भवन में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग भवन की तीसरी मंजिल पर लगी, जहां आबकारी निगम का एक महत्वपूर्ण कार्यालय संचालित होता है। इस हादसे में विभाग की कई जरूरी डिजिटल दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। वहीं आबकारी विभाग के अफसर जांच में जरूरी दस्तावेज के सुरक्षित होने की बात कह रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जिस अनुभाग में आग लगी है, वहीं सोमवार से निगम के आय-

व्यय से संबंधित ऑडिट शुरू होना था। शनिवार को दिनभर ऑडिट की तैयारियों के चलते अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही बनी रही, लेकिन देर रात कार्यालय बंद होने के कुछ समय बाद अचानक आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग की शुरुआत तीसरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

शर्मा ने मोपर में 85 लाख के कार्यों का किया भूमिपूजन

भाटापारा / नवप्रदेश। विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने एवं जनता की मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए शनिवार को शिवरतन शर्मा ने ग्राम मोपर में 85 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे देश की पहचान हमारे गाँव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह सभी निर्माण कार्य ग्राम के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निकाली गई जागरुकता रैली

भटगांव / नवप्रदेश। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जिला कलेक्टर डॉ.संजय कनौज्जे के निर्देशन एवं जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में तथा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शशि जायसवाल के उपस्थिति मे मितानिनों एवं स्कूली बच्चों के माध्यम से नगर पंचायत भटगांव के पूर्व माध्यमिक कन्या शाला में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर नगर में निकाली गई जागरूकता रैली फाइलेरिया क्या है ? यह एक संक्रामक बीमारी है जो मच्छरों के काटने में फैलती है। इसे सामान्य भाषा में हाथीपाँव भी कहा जाता है। बीमारी कैसे फैलती है ? संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो शरीर में फाइलेरिया के सूक्ष्म कीटाणु माइक्रो फाइलेरिया छोड देता है । क्या फाइलेरिया वंशानुगत है ? जी नहीं, यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में केवल मच्छर के काटने से फैलता है, यह जन्मजात या आनुवंशिक नहीं है। इसके मुख्य लक्षण क्या है? शुरु आत में बुखार, बदन में खुजली, या अंगों में सूजन हो सकती है।

पीएम आवास शहरी 2.0 के आदेश पर अंजू त्रिपाठी ने जताया आभार

डोंगरगांव / नवप्रदेश । प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने हेतु जारी किए गए शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों पर नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव अंजू त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साहू, कैबिनेट मंत्री श्री तोखन साहू एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कशहरी 2.0 के अंतर्गत पात्रता को लेकर जारी किए गए स्पष्ट दिशा-निर्देशों से उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जो कच्चे, जर्जर अथवा आपदा से प्रभावित मकानों में रहने को मजबूर हैं।

भिलाई स्टील हाफ मैराथन में दौड़े तीन हजार धावक

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी ने आज भिलाई स्टील हाफमैराथन का आयोजन किया। स्टील सिटी की सड़कों पर उत्साह और उमंग के साथ 3 हजार धावक दौड़े। निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्र ने हाफमैराथन का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और फिटनेस को जीवनशैली के रूप में अपनाने के उद्देश्य से मेगा फिटनेस इवेंट का आयोजन किया गया।

शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम में भिलाई स्टील हाफ मैराथन में 21.09 द्य किमी हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी दौड़ की तीन श्रेणियों में धावक शामिल हुए। भिलाई सहित देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों की ने 'फिट इंडिया' का संदेश दिया। सबसे पहले 21.09 किमी हाफमैराथन सुबह 6 बजे शुरू हुई। इसके बाद 10 किमी दौड़ 6:30 बजे और 5 किमी दौड़ 6:45 बजे प्रारंभ हुई। दौड़ें शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम से भिलाई टाउनशिप की सड़कों से होते हुए दौड़ जयंती स्टेडियम में समाप्त हुई।इस अवसर पर निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कहा कि भिलाई और देश-विदेश से आए धावकों को एक साथ फिटनेस का उत्सव मनाते देखना हर्ष का विषय है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक धावक अपने आप में विजेता है, क्योंकि उन्होंने समाज को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी है। भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी शक्ति, परिश्रम और समर्पण के लिए जाना जाता है और आज धावकों ने स्वास्थ्य के प्रति नई प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। उन्होंने सभी लोगों से रोज कम से कम एक घंटे का समय स्वास्थ्य के लिए समर्पित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए 'फिट इंडिया आंदोलन' का उल्लेख करते हुए महापात्र ने कहा कि नागरिक स्वस्थ होंगे तो वे एक सशक्त और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में अधिक प्रभावी योगदान दे सकेंगे।इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार सहित संयंत्र के सीजीएम, जीएम व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सेफी और ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बंछोर, महाप्रबंधक प्रभारी (कार्मिक) जेएन ठाकुर, उप महाप्रबंधक (एससी एंड सीए) राजेन्द्र प्रसाद, क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व भिलाई के नागरिक बड़ी संख्या में समारोह में उपस्थित रहे।

■ निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्र ने मेगा फिटनेस इवेंट को दिखाई हरी झंडी

मैराथन के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में कुल आठ लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रत्येक श्रेणी और आयु वर्ग के शीर्ष 10 विजेताओं को समापन समारोह में नगद पुरस्कार, स्मृति-चिह्न, पदक व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 21.9 किमी (पुरुष, 18-45 वर्ष) वर्ग में आरिफ अली ने 1 घंटा 5 मिनट 5 सेकंड के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजन यादव (1:5:18) द्वितीय और रवि गुलिया (1:5:39) तृतीय रहे।

21.9 किमी (पुरुष, 45 वर्ष से अधिक) वर्ग में भास्कर कांबले (1:16:59) प्रथम, जयपाल भोयर (1:17:10) द्वितीय और अश्विनी आचार्य (1:19:5) तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 21.9 किमी (महिला, 18-45 वर्ष) वर्ग में मुन्नी देवी (1:19:51) प्रथम, कुमारी ज्योति (1:20:31) द्वितीय और कोमल साहू (1:20:55) तृतीय रहीं। 45 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में रेनू कौर सिद्धू (1:55:40), विद्या धापोड़कर (2:00:16) और शोभा यादव (2:13:23) प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

10 किमी (पुरुष, 18-45 वर्ष) वर्ग में जीतू गुर्जर (00:31:00) प्रथम, लिखेंद्र कुमार (00:31:34) द्वितीय और सुरेश कश्यप (00:31:52) तृतीय रहे। 45 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में सुभाष चिमनकर (00:39:24) प्रथम, राजेश यादव (00:43:24) द्वितीय और राम दयाल ध्रुव (00:46:12) तृतीय रहे। 10 किमी (महिला, 18-45 वर्ष) वर्ग में मिताली भोयर (00:36:44) प्रथम, पूजा यादव (00:37:27) द्वितीय और भगवती यादव (00:39:37) तृतीय रहीं। 45 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में सुनीता सूर्यवंशी (01:06:14), ज्योति वारके (01:40:24) और डॉ. हिमानी गुप्ता (01:43:48) क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।

5 किमी (पुरुष, 18-45 वर्ष) वर्ग में गौरव कुमार (00:15:31) प्रथम, आयुष शर्मा (00:15:48) द्वितीय और लोमश ध्रुव (00:15:59) तृतीय रहे। 45 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में राकेश रत्नाकर (00:20:12) प्रथम, लेखराम आडिल (00:23:00) द्वितीय और चेन्नय्या (00:23:27) तृतीय रहे। 5 किमी (महिला, 18-45 वर्ष) वर्ग में प्रियंका साहू (00:19:07) प्रथम, कविता पाल (00:19:11) द्वितीय और ममता कुमारी (00:19:24) तृतीय रहीं। 45 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में नीना मलिक (00:32:45), बेन ठाकुर (00:33:36) और पल्लवी ठाकुर (00:34:21) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सुप्रियो सेन और सेल-बोकारो इस्पात संयंत्र के किशन चंद ने किया। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग, नगर सेवाएँ विभाग और मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, वॉलंटियर्स, सीआईएसएफ जवानों, जिला पुलिस और ट्रैफिक नियंत्रण विभाग के सहयोग से हाफ मैराथन का आयोजन सफल हुआ।

ट्रैफिक डायवर्ट किया गया

मैराथन के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा व सुचारु आयोजन को ध्यान में रखते हुए नगर के मार्गों पर अस्थायी ट्रैफिक नियंत्रण व रूट डायवर्ट किया गया। फॉरेस्ट एवेन्यू रोड पर चोपड़ा पेट्रोल पंप की ओर दाएं मोड़ और यू-टर्न, जवाहर उद्यान चौक, जेपी सीमेंट चौक, बोरिया गेट चौक, मेन गेट चौक (फॉरेस्ट एवेन्यू), इक्विपमेंट चौक (सेंट्रल एवेन्यू), बीएसएनएल चौक, भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 चौक, आई लव भिलाई चौक सेक्टर-5, सेल परिवार चौक, रेल चौक से भिलाई निवास जंक्शन की ओर बाएं मोड़ और रेल चौक की ओर यू-टर्न । स्टील क्लब चौक सेक्टर 8, सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक, तालपुरी चौक, पंथी चौक, डीपीएस चौक तक डायवर्ट किया गया।

महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने पैरा एथलेटिक्स में जीते 57 पदक

■ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स में खिलाड़ियों का रहा बेहतर प्रदर्शन

महासमुंद / नवप्रदेश । । 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 29-30 जनवरी, कृषि महाविद्यालय जोरा, रायपुर में जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 57 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि साहू, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे और समाज कल्याण अधिकारी संगीता सिंह ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईश्वरी निषाद का स्वर्णिम प्रदर्शन सीनियर महिला टी-11 वर्ग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईश्वरी निषाद ने 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में नोशन लाल पटेल 400, 800 और 1500 मीटर में प्रथम, सुमित भोई 100 मीटर, तवा फेंक और गोला फेंक में प्रथम, ईशान भोई 200 मीटर प्रथम, 400 व 800 मीटर द्वितीय, कुसुम प्रधान 100 मीटर व लंबीकूद में प्रथम, ज्योति निषाद 100 व 200 मीटर प्रथम, लंबीकूद द्वितीय,सोनम सबर 400 व 800 मीटर प्रथम, 200 मीटर द्वितीय, नीलम टंडन लंबीकूद प्रथम व 400 मीटर द्वितीय, ओमप्रकाश तांडी 100 व 200 मीटर प्रथम व गोला फेंक में द्वितीय, लक्की यादव 400, 800 और 1500 मीटर में प्रथम, निकेत साहू भालाफेंक में प्रथम, उमाशंकर पटेल लंबीकूद में प्रथम व गोला फेंक में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा कई अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, देवीचंद राठी सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने बधाई दी। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निरंजन साहू ने कलेक्टर से मुलाकात कर खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए वन परिसर में बने सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक पर नियमित अभ्यास की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं सांसद रूप कुमारी चौधरी ने खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

होटल-ढाबा के खिलाफ भाजपाइयों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

धरसीवां / कूंरा। धरसींवा भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने हाइवे में स्थित सभी ढाबा होटलो की शिकायत एवं कार्यवाही हेतु रविवार को ज्ञापन थाना प्राभारी राजेंद्र दिवान को सौपे है जिसमे उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन से जो अव्यवस्था आज तक फैली है वह बन्द हो हाइवे स्थित होटलो ढाबा में रात भर खुले रहने के नियम नही फिर भी रात 11 बजे तो दूर पूरी रात खुला रहता है अधिकतर होटलो में लड़की महिलाओं द्वारा रात में भी कार्य वेटर के रूप में काम लेते हैं कानून एवं श्रम नियमो के विरुद्ध है साथ ही महिला सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी सही नही है, चुकी यह क्षेत्र उधोगों से घिरे रहने के कारण सतर्कता और जरूरी है ,कुछ ढाबो में रात भर शराब खोरी और कुछ अपराधीक भूमिका वाले सन्दिग्ध लोगों का जमावड़ा लगा रहता है क्षेत्र में।किसी प्रकार का अनहोनी न हो और अपराधियों पर लगाम लगाने का कार्य किया जाए जब ग्रामीण सड़क पर रात 10 बजे सभी दुकाने बन्द ही जाते है तो हाइवे के होटल ढाबे में पर नियम लागू हो मण्डल अध्यक्ष राकेश यादव और जिला पदाधिकारी अरविंद ठाकुर के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों सहित आवेदन दिया गया एवं जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग किया गया।

73वां मानस परायण महायज्ञ 6 फरवरी से शुरू

छुरा/ नवप्रदेश। श्री मन्मानस प्रचार यज्ञ समिति द्वारा विगत वर्षों से चली आ रही परंपरा को आगे बढाते हुए 73 वें वर्ष भी मानस परायण महायज्ञ का आयोजन दिव्यता एवं भव्यता के साथ 6 फरवरी से 15 फरवरी तक होने जा रहा है नगर के हृदय स्थल पर स्थित रामजानकी मानस मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मंदिर की रंगाई पुताई के साथ लाईट माईक पंडाल नये ध्वजा के साथ नई साज सज्जा की गई है 6 फरवरी से प्रारंभ इस दिव्य आयोजन में प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ देवी देवताओं का आहावन किया कलश यात्रा महिला मानस मंडली एवं महिला समाज के सदस्यों द्वारा निकाला जायेगा मानस परायण में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से भजन कीर्तन के साथ भक्तों के द्वारा परिक्रमा की जाती है पश्चात स्वस्ति वाचन के साथ पूजा प्रारंभ होगी उपाचार्य के द्वारा मानस की चौपाई के साथ पाठकगणों एवं विप्रगणों के साथ आहुति दी जायेगी।

छत्तीसगढ़ की 12 सदस्यीय मीडिया टीम अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के लिए रवाना

■ मीडिया टीम 09 से 14 फरवरी, 2026 तक केन्द्र शासित प्रदेश का भ्रमण करेगी

रायपुर/नवप्रदेश। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), भारत सरकार, रायपुर के नेतृत्व में अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में भारत सरकार प्रवर्तित लोक कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं प्रगति के अवलोकन के साथ ही साथ इस केन्द्र शासित प्रदेश की कला, संस्कृति और विरासत को जानने व समझने के लिए छत्तीसगढ़ की 12 सदस्यीय मीडिया टीम आज, 08 फरवरी, 2026 को रायपुर से पोर्ट ब्लेयर के लिए रवाना हो रही है। इस मीडिया टीम में हरिभूमि से ब्रम्हवीर सिंह, नवप्रदेश से यशवंत धोटे, स्वदेश से जयप्रकाश मिश्रा, पिपुल्स समाचार से वरूण कुमार चौहान, पत्रिका से श्री राहुल जैन, नवभारत से जितेन्द्र मिश्रा, छत्तीसगढ़ से श्री पी. श्रीनिवास राव, दि हितवाद से अभिषेक कुमार, आईबीसी-24 टीवी से सौरभ सिंह परिहार, लल्लुराम डॉट कॉम से प्रतीक चौहान और पीआईबी-रायपुर के दो ऑफिशियल्स रमेश जायभाये तथा परमानन्द साहू शामिल हैं ।

छत्तीसगढ़ की मीडिया टीम 09 से 14 फरवरी, 2026 तक केन्द्र शासित प्रदेश का भ्रमण करेगी । इस दौरान मीडिया टीम 20 मेगावाट एनएलसी सोलर पावर प्लांट, डालीगंज, सेंट्रल आईलैंड एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, प्राणीशास्त्र संग्रहालय, मानव विज्ञान संग्रहालय, सेलुलर जेल, नार्थ-बे एवं नार्थ-बे लाइटहाऊस, एनएच-4 अपग्रेडेशन परियोजना, स्मार्ट सिटी परियोजना, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी, मिडिल स्ट्रेट क्रीक ब्रिज, बाराटांग लाइमस्टोन गुफाएं, मड वाल्केनो (गारामुखी), हम्प्रे स्ट्रेट ब्रिज, अमकुंज ईको-डेवलपमेंट साइट, धानी नल्ला मैंग्रोव, कालीपुर ईको-टूरिज्म परियोजना, रॉस एवं स्मिथ द्वीप, चेन्नई-अंडमान सबमरीन ओएफसी परियोजना, बीएसएनएल केबल लैंडिंग स्टेशन, लालाजी बे इको-टूरिज्म रिसार्ट परियोजना, प्रस्तावित सी-प्लेन जेट्टी साइट, ताज एक्सोटिका एवं न्यू ईको-टूरज्मि स्थल और राधानगर बीच का भ्रमण करेगी । इसके अलावा मीडिया टीम अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, मुख्य सचिव, मत्स्य एवं पर्यटन सचिव, फिशरी सर्वे ऑफ इंडिया, भारतीय नौसेना, भारतीय कोस्ट गार्ड और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेगी ।

गर्भवती महिलाओं की मात्र एक रुपये में होगी सोनोग्राफी

■ विधायक रिकेश की अनूठी पहल, महाशिवरात्रि से होगी शुरुआत

भिलाई नगर/ नवप्रदेश । । वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने अपने क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य और सुलभ चिकित्सा की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। विधायक सेन वैशाली नगर विधानसभा की गर्भवती महिलाओं के लिए मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू करने जा रहे हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है।

इस जन-कल्याणकारी योजना का शुभारंभ आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर किया जाएगा। यह सुविधा केवल वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निवासियों के लिए ही होगी। योजना का लाभ उठाने के लिए एक व्यवस्थित प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जीरो रोड शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में अवकाश दिवस छोड़ कर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक टोकन दिए जाएंगे।

सुविधा का लाभ लेने के लिए जरूरतमंदों को अपने साथ आधार कार्ड और चिकित्सक द्वारा दी गई रेफर पर्ची लाना होगा। दस्तावेजों की जांच के बाद विधायक कार्यालय से टोकन जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी कराई जा सकेगी।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि क्षेत्र की माताएं और बहनें स्वस्थ रहें, इसी संकल्प के साथ यह योजना शुरू की गई है। अक्सर आर्थिक तंगी के कारण कई परिवार जरूरी जांच नहीं करा पाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक कार्यालय के माध्यम से यह सेवा शुरू की जा रही है। 15 फरवरी के दिन से ही वैशाली नगर विधानसभा के लिए एक और योजना शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत मात्र 1 रुपये में डायलिसिस भी होगा। 25 दिसंबर से लगातार फ्री ब्लड टेस्ट सुविधा के तहत 31 प्रकार के टेस्ट हर दिन किए जा रहे हैं। मात्र 1 रुपये में एक्स-रे सुविधा का लाभ सैकड़ों जरूरतमंद ले रहे हैं। विधायक कार्यालय से 2 अप्रैल से मात्र 1 रूपये में पॉवर वाला चश्मा भी लोगों के लिए शुरू करने की घोषणा की गई है। दो पहिया वाहन चलाते समय लोगों को हेलमेट की सुविधा देने 1 मई 2025 से 1 रुपये में किराये पर विधायक कार्यालय से हेलमेट दिया जा रहा है जिसका हजारों लोग उपयोग कर रहे हैं।

दिव्यांगजन और वृद्धजनों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच 10 को

भिलाई। कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन भिलाई द्वारा समाज के दिव्यांगजन व वृद्धजनों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने निःशुल्क सहायक उपकरण जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 10 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।शिविर के दौरान दिव्यांग व वृद्धजनों की विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जांच के बाद उनके लिये सहायक उपकरण की आवश्यकता का आंकलन किया जाएगा। जांच के बाद पात्र लाभार्थियों को द्वितीय चरण में आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। शिविर में व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर, श्रवण यंत्र, ट्राई साइकिल सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरणों की आवश्यकता रखने वाले दिव्यांगजन आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी की छायाप्रति व वृद्धजन आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर जांच करा सकते हैं। शिविर का आयोजन कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र सुपेला थाना के पीछे, 1/22 न्यू कृष्णा में किया जाएगा।

प्रकृति किसी से भेदभाव नहीं करता

कुरूद/ नवप्रदेश। कुरूद नगर में आयोजित कोया पुनेम गोड़ी गाथा में 8 फरवरी को कोया पूनेम गोंडी गाथा के तीसरे दिन प्रवाचक तिरू, शंकर शाह इरपाची ने कथा श्रवण के माध्यम से श्रोताओं को बताया काली कंकाली (कली कंकाली) दाई गोंडवाना संस्कृति की एक प्रमुख आदिवासी शक्ति है जिन्हें 33 को (प्रकार)के बच्चों(देवताओं/ पेन) की माता के रूप में पूजा जाता है , माता ने रूप में पूजा जाता है ।

गोंडी धर्म के अनुसार 33 कोट के बच्चों को जन्म दिया और उन्हें पाल पोषकर बड़ा किया ?जो बाद में नील कोंडा पर्वत के रक्षक बने, लिंगो जांगों ने 33 को बच्चों को लेकर सोन नदी गया जो बालाघाट बिहार में स्थित है जिसे लांजीगढ़ कहते हैं नहलाने के बाद सेमर पेड़ ले गए उस समय स्कूल, बिल्डिंग, कॉलेज, नहीं थे हमारे गुरु भूमिका होते थे, उसे समय सेमर पेड़ के नीचे स्कूल लगते थे जिन्हें गोटूल बोलते हैं गोटुल का मतलब शिक्षा का केंद्र गोटुल शब्द से गुरुकुल बना दिया। अलाम और कलाम का जानकारी देते हुए बताया गौतम बुद्ध के गुरु थे गोंण्डी धर्म से बुद्ध धर्म का निर्माण हुआ है बुद्ध धर्म में भी छुआछूत भेदभाव नहीं चलता इस प्रकार गोंडी धर्म में भी छुआछूत भेदभाव नहीं चलता, क्योंकि हम प्रकृति को मानते हैं प्रकृति किसी से भेदभाव नहीं करता तालाब में नहाते समय तालाब बोलेगा क्या तू उच्च है नीचे है नहीं बोलता जो भेद करता है वह देवता या भगवान नहीं होता । एस सी,एसटी, ओबीसी तीनों का जहां भेदभाव छुआछूत नहीं होता, रयतार जंगो दाई ने महिलाओं के अधिकार के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया जोआज आश्रम का निर्माण हुआ और उन्हें सशक्त बनाने में विशेष योगदान दिया । इस अवसर पर तारिणी चंद्राकर ,नीलम चंद्राकर ,सुरेंद्र ध्रुव राज ,युआर ध्रुव पुरुषोत्तम पड़ोटी , संतराम मरकाम, माखनलाल ध्रुव, हीरालाल पड़ोटी ,संतराम मरकाम ,माखनलाल ध्रुव , शैल्या नेताम , श्रीमती बसंता ध्रुव, श्रीमती दुर्गा ध्रुव ,रोहित कुमार ध्रुव ,नीलकंठ ध्रुव ,कृष्ण कुमार ठाकुर, तुलसीराम उपस्थित रहे।

शराब पीते समय महिला की नाक से निकला खून, संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

■ पति और दो बच्चों को छोड़कर लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही थी महिला

भिलाई/नवप्रदेश। लिव इन रिलेशनशिप में रह रही युवती राजिंदर कौर (35 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक महिला अपने लिव-इन पार्टनर के साथ शराब पी रही थी। इसी दौरान उसके नाक से खून निकलने लगा। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र में राजिंदर कौर अपने लिव-इन पार्टनर राजा नाथ (नाग) के साथ सेक्टर-2, स्ट्रीट-12 में 3 साल से रह रही थी। राजिंदर शादीशुदा थी। उसके 2 बच्चे भी हैं। वह पति और बच्चों को छोड़कर राजानाथ के साथ रह रही थी। 5 फरवरी की रात दोनों शराब पीते समय राजिंदर के नाक से ब्लड आने पर उसने ब्लड रोकने की कोशिश की। इसके बाद राजिंदर की हालत बिगड़ने लगी। राजा नाथ की मां राजिंदर को जिला अस्पताल दुर्ग ले गई। 6 फरवरी को उसकी मौत की पुष्टि हुई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। महिला की लाश का पोस्टमार्टम रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे किया गया। जांच में पता चला कि राजानाथ और राजिंदर कौर के बीच अक्सर विवाद होता था। राजिंदर की मौत के मामले में परिजनों में हत्या की आशंका जताई है। भिलाई भट्ठी थाना पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजिंदर कौर पहले से शादीशुदा थी। बाद में उसकी दूसरी शादी बलविंदर सिंह से हुई। दूसरे पति के साथ करीब 17 साल तक रहने के बाद 4 साल पहले वह अपने पति से अलग हो गई। उसके दो बच्चे हैं। पति से अलग होने के बाद वह राजानाथ के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगी। राजिंदर की भांजी कृतिका ने बताया कि राजा नाथ की मां ने उन्हें 6 फरवरी दोपहर करीब 2 बजे घटना की जानकारी दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि राजिंदर कौर और राजा नाथ के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। जब भी राजिंदर घर आती थी, उसके शरीर पर चोट के निशान दिखाई देते थे। परिजनों ने आशंका जताते हुए कहा कि उसकी हत्या की गई है। बेटी परमजीत सिंह और बेटा आदित्य सिंह ने कहा कि मां उनसे रोज बात करती थी। मां ने किसी बड़ी परेशानी का जिक्र नहीं किया। बेटे ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये और दोषियों को सजा मिलनी चाहिये।

राजिंदर के पति हरविंदर सिंह ने बताया कि बच्चों से मिलने के लिये वह आती-जाती रहती थी। पिछले 15 दिनों से वो घर नहीं आई। वो बच्चों से लगातार संपर्क में रहती थी। पति ने आरोप लगाया है कि राजिंदर की हत्या उसके पार्टनर ने कर दी। इसके बाद शव को लावारिस हालत में दुर्ग जिला अस्पताल में छोड़ दिया गया।

न्यूज गैलरी

खड़ी गाड़ी से टकराई बाइक, मौत

भिलाई। बालोद निवासी विनोद यादव (50) की बाइक सड़क किनारे खड़ी खड़ी लकड़ी से भरी गाड़ी से टकरा गई। विनोद के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह घटना पाटन थाना क्षेत्र के धूमामर्रा में हुई। विनोद यादव अपनी बेटी के घर डूंडेरा गए थे। वहां से वापस बालोद लौटते समय यह हादसा हो गया। ग्राम धूमामर्रा के पास सड़क किनारे खड़ी लकड़ी से भरी गाड़ी से उनकी तेज रफ्तार बाइक टकराने से विनोद यादव का हेलमेट टूट गया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण स्पॉट पर ही उनकी मौत हो गई। अंधेरा होने और सड़क पर वाहन खड़े होने के कारण बाइक सवार को संभलने का मौका नहीं मिला। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ लोगों ने हादसे के बाद लकड़ी से भरी गाड़ी को हटाने का विरोध किया। इसके बाद ट्रैक्टर की मदद से गाड़ी को हटा लिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर पाटन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस दुर्घटना के कारणों, सड़क पर खड़े वाहन की वैधता और गाड़ी चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

राजस्व वसूली 48.78 प्रतिशत पहुंची दो माह में 100 प्रतिशत का लक्ष्य

दुर्ग। नगर निगम के राजस्व विभाग ने जनवरी 2026 तक राजस्व वसूली में 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष राजस्व वसूली का लक्ष्य 25.49 करोड़ से बढ़ाकर 35.81 करोड़ निर्धारित किया गया है। बावजूद जहां पिछले वर्ष इसी अवधि तक 45.02 प्रतिशत वसूली हुई थी, वहीं इस वर्ष 31 जनवरी तक 48.78 प्रतिशत राजस्व वसूली की जा चुकी है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी वर्तमान में शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं में संलग्न हैं। इनमें निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर कार्य, राशन कार्ड सत्यापन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन तथा श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत वार्डों में शिविर लगाकर नागरिकों को जानकारी देना शामिल है। इन सभी दायित्वों के बावजूद राजस्व वसूली में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि आगामी दो माह में बकाया जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटने, दुकानों को सील करने की कार्रवाई करें।

सीएसवीटीयू भिलाई की महिला व पुरुष हैंडबॉल टीम बालासोर रवाना

भिलाई। सीएसवीटीयू की हैंडबॉल महिला और पुरूष टीम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय खो-खो महिला टीम एफएम यूनिवर्सिटी बालासोर ओडिशा के लिए रवाना हुई। टीम को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं देकर कुलपति डॉ. अरूण अरोरा, कुलसचिव डॉ. अमित सिंह राजपूत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रोहित कुमार मिरी और प्रभारी विवि खेल विभाग किशोर कुमार भारद्वाज ने रवाना किया।

हनोदा में गायत्री महायज्ञ, श्रीराम कथा

दुर्ग। गायत्री परिवार और ग्रामीणों के सहयोग से हनोदा दुर्ग में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, श्रीराम कथा और 12वां आदर्श ग्राम जन्मोत्सव का आयोजन 8 से 12 फरवरी तक किया जा रहा है। इस अवसर पर 8 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलश यात्रा, शाम 4 बजे श्रीराम कथा महात्म्य होगा। 9 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से यज्ञ, आदर्श विवाह, दोपहर 2 बजे से राम कथा और 10 फरवरी को सुबह यज्ञ और दोपहर में कथा होगी।

नारायणपुर मैराथन में अधिवक्ता जसोदा ने पांचवां स्थान पाया

भिलाई। अधिवक्ता जसोदा सिक्का ने नारायणपुर मैराथन में हिस्सा लेकर पांचवां स्थान हासिल किया। उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों दस हजार रुपए नकद इनाम दिया गया। उनके दुर्ग आगमन पर दुर्ग में अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं दी और सम्मान किया। जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग की पहल पर दुर्ग पहुंची जसोदा सिक्का का संघ के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल ने पुष्पगुच्छ देकर तथा मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। संघ के अन्य सदस्यों में स्टेट बार काउंसिल के सदस्य नरेंद्र सोनी, संघ के पूर्व उपाध्यक्ष फारुख, पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज मून, वरिष्ठ अभिभाषक अमोद पाठक, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य आलोक सारस्वत, वरिष्ठ अभिभाषक प्रभात पांडेय, मनदीप सिंह, जया श्रीवास्तव, नंदनी चंद्रवंशी मौजूद थे।

विकास कार्यों के लिए 15 लाख स्वीकृत

भिलाई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 14 लाख 98 हजार 638 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का क्रियान्वयन भिलाई नगर निगम द्वारा किया जाएगा। स्वीकृत राशि से वार्ड 63, सेक्टर 6 होसन्ना चौक के समीप सार्वजनिक टीन शेड निर्माण और कांक्रीटीकरण हेतु 4.99 लाख रुपए, बुद्ध विहार के पास सार्वजनिक सर्वसुविधायुक्त शौचालय निर्माण हेतु 2.49 लाख रुपए, सेक्टर 6 की सड़क 60-61 के मध्य सार्वजनिक डोम शेड निर्माण हेतु 5.99 लाख रुपए और सेक्टर 7 की सड़क 35 में स्थित डोम शेड में सुरक्षा के लिये फेंसिंग हेतु 1.49 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

आरोपियों से सोने-चांदी के गहनों सहित नकदी बरामद, 6 आरोपी गिरफ्तार

दिन में बेचते थे इडली-दोसा, रात में सूने मकान की रेकी कर करते थे चोरी

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज कुल 8 चोरी प्रकरणों का खुलासा करते हुए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत करीब 7,15,820 की संपत्ति जब्त की है। ये आरोपी दिन में रायपुर में इडली-दोसा बेचते थे और रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों ने पाटन, उतई, अमलेश्वर, नंदनी, रानीतराई क्षेत्र के अंतर्गत चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए 8 फरवरी को दुर्ग पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में संयुक्त टीम गठित कर नाकाबंदी और संदिग्धों की जांच की गई। तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर सूचना और पूर्व प्रकरणों के विश्लेषण के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की गई। इसी दौरान सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर रायपुर के मठ पुरैना क्षेत्र से तीन मुख्य आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

सभी आरोपी राजनांदगांव के निवासी

गिरफ्तार आरोपियों में मनीष अमोरिया (25), जितेन्द्र गायकवाड़ (23) और रवि साहू (23) शामिल हैं। ये तीनों राजनांदगांव जिले के ग्राम लखौली के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रायपुर के मठ पुरैना क्षेत्र में इडली-डोसा बेचने का काम करते थे और रात के समय सूने मकानों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

दो महीने में दिया अंजाम

आरोपियों ने नवंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच दुर्ग जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें कीं। इनमें ग्राम अछोटी (थाना नंदनी), ग्राम औसर (थाना रानीतराई), ग्राम गोडपेण्ड्री (थाना उतई), ग्राम झीट (थाना अमलेश्वर), ग्राम चंगोरी, ग्राम अरसनारा और ग्राम तर्रा (थाना पाटन) सहित अन्य स्थान शामिल हैं। चोरी के दौरान आरोपियों ने सोने के लॉकेट, अंगूठियां, टॉप्स, चांदी की पायल, बिछिया और बड़ी मात्रा में नकदी भी चुराए।

इस मामले में पुलिस ने तीन खरीददारों को भी गिरफ्तार किया है, जिनमें धर्मेन्द्र साहू (33), उमेश उर्फ पिंटू सोनी (35) और प्रकाश सोनी (38) शामिल हैं। ये आरोपी चोरी के जेवरात खरीदने और उन्हें खपाने का काम करते थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, नकद 12,800 और कुल 7,15,820 मूल्य की संपत्ति जब्त की है। मुख्य आरोपी मनीष अमोरिया के खिलाफ पहले से अलग-अलग थानों में करीब 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इस मामले में अन्य आरोपी और चोरी के जेवर खरीदने वाले व्यापारियों की तलाश कर रही है।

बुजुर्ग ने मासूम बच्चे पर कुल्हाड़ी से किया हमला

■ मना करने के बाद भी घर के अंदर खेलने पर किया वार, बच्चे की हालत गंभीर

भिलाई/नवप्रदेश। जोरातराई में परदेसी देवांगन (70 साल) ने ढाई साल के बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बुजुर्ग ने पड़ोस में रहने वाले ढाई साल के बच्चे को घर के अंदर खेलने से मना किया था। बच्चा नहीं माना। इसके बाद उसने बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बच्चे की हालत गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है।

घटना के बाद परिजन बच्चे को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। बच्चे को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक मासूम बच्चे की हालत नाजुक है। उसका इलाज जारी है। इस घटना से बच्चे के परिजनों समेत आसपास के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सूचना मिलने पर उतई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग परदेसी देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कहा जा रहा है कि बुजुर्ग ने बात ना मानने पर क्रोध में आकर बच्चे पर कुल्हाडी से वार कर दिया। इसे लेकर पड़ोसियों में गहरी नाराजगी है। बच्चे के परिवारजन ने भी आक्रोश जताया है।

गुस्से में आकर किया हमला

बुजुर्ग ने पुलिस की पूछताछ के दौरान बताया कि गुस्से में आकर उसने बच्चे पर हमला कर दिया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

चिकित्सालय में हैंड्स-ओनली सीपीआर प्रशिक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा हैंड्स-ओनली सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण के चौथे सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों में जन जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर अचानक हृदयगति रुकने की स्थिति में, जीवनरक्षक कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में आम नागरिकों को केंद्र में रखते हुए उन्हें हैंड्स-ओनली सीपीआर की सही तकनीक से अवगत कराया गया, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में चिकित्सकीय सहायता के पहुंचने से पहले त्वरित व प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकें। प्रशिक्षण सत्र में बताया गया कि अचानक हृदयगति रुकने पर आसपास मौजूद सामान्य नागरिकों की तत्परता और सही तकनीक से जीवन बचाने की संभावना बढ़ जाती है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पहले जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रक्रिया समझाई गई।

आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवास

भिलाई नगर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के परिपेक्ष्य में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के 31 अगस्त 2024 के पूर्व आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बीएलसी घटक योजनांतर्गत सम्मिलित किया जाना है। बीएलसी घटक के नवीन डी.पी.आर. में शामिल करने के पूर्व दिशा-निर्देश के अनुरूप निर्धारित प्रारूप में आवेदकों से आवेदन पत्र लेकर निरीक्षण प्रतिवेदन वार्डवार प्रस्तुत किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शासन से प्राप्त आदेश के परिपालन में आबादी भूमि के सर्वेक्षण कार्य अधिकारी/कर्मचारियों का सर्वेक्षण दल गठित किया गया है। जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत खम्हरिया विनोभा नगर जुनवानी, पुरानी बस्ती कोहका एवं सुपेला क्षेत्र के सर्वेक्षण कार्य हेतु उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, बसंत साहू एवं सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी तथा वरिष्ठ कर्मचारी संजीव तिवारी, भाईजी बघेल, निरंजन असाटी, विनोद शुक्ला को कार्य सौंपा गया है। जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद बस्ती क्षेत्र के सर्वेक्षण कार्य हेतु उप अभियंता चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी, वरिष्ठ कर्मचारी मदन मोहन तिवारी, सुरेश कुलदीप की डयूटी लगाई गई है। वे वार्डवार सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगें।

ऊर्जा के प्रति जिम्मेदार बनेंगे छात्र

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के रजत महोत्सव के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पहांदा में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता व शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों में ऊर्जा के प्रति जिम्मेदारी और समझ विकसित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सौर ऊर्जा और बिजली की बचत पर केंद्रित निबंध व नारा लेखन प्रतियोगिता के साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता में स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को रंगों के माध्यम से उकेरा गया।

सीएसपीडीसीएल की सेवाओं और ऊर्जा संबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के दौरान पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दो तकनीकी कार्य के लिए 9 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा क्षेत्र के दो तकनीकी कार्य के लिए 9 लाख 99 हजार 94 रु की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल अहिवारा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नपाप कुम्हारी में वार्ड 7 में विद्युत पोल कार्य के लिए 4 लाख 99 हजार 94 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। विधानसभा क्षेत्र पाटन विधायक भूपेश बघेल द्वारा अनुशंसित कार्यो का संपादन कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल अहिवारा द्वारा किया जाएगा। नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने वार्ड 13 परसदा धरसा रोड कुम्हारी में 5 लाख 99 हजार 94 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

'आप भी जानिए' सीजन-26 का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के जन सहभागिता कार्यक्रम 'आप भी जानिए' के सीजन का शुभारंभ कोक ओवन और कोल केमिकल्स विभाग के कर्मियों की जीवनसंगनियों की सहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संयंत्र की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और उत्पादन प्रक्रियाओं से कर्मियों के परिवारजनों को परिचित कराना है। ताकि, संगठन और कर्मचारियों के परिवार के बीच सहभागिता व विश्वास को सुदृढ़ किया जा सके।

उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर और महाप्रबंधक संजय द्विवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया, कार्य प्रणालियों और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित ने किया। संयंत्र भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने ब्लास्ट फर्नेस , एसएमएस 3, कोक ओवन बैटरियों और यूनिवर्सल रेल मिल का अवलोकन किया।

भिलाई इस्पात संयंत्र: सुरक्षा का संदेश घर-घर तक पहुंचाता है सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, बीएसपी का अनोखा आयोजन

30 साल से लगातार हो रही सुरक्षा चित्रकला स्पर्धा, बच्चों में गजब का उत्साह

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी का सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग भिलाई स्टील प्लांट की सुरक्षा के साथ-साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी सुरक्षा जागरूकता की दिशा में प्रयास करता है। लगातार 30 साल से बच्चों के लिए आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता ऐसा ही एक कदम है। साल भर भिलाई इस्पात नगरी के बच्चे इस प्रतियोगिता का इंतजार करते हैं और जनवरी माह के दूसरे रविवार को सुनीती उद्यान में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके पालकों और शिक्षकों का उत्साह देखते ही बनता है। सुबह से पालक अपने बच्चों को ड्राइंग बोर्ड और सामान लेकर सेक्टर-8 स्थित इस उद्यान में आते दिखते हैं। चयनित चित्रकला को नेहरू आर्ट गैलरी में आम जनता के लिए प्रदर्शित भी किया जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रयास सुरक्षित संयंत्र के साथ-साथ एक सुरक्षित समाज के निर्माण का भी है। चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने का मकसद बच्चों की कोमल मन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता का बीज रोपित करना है, जिससे उनके कोमल मन पर सुरक्षा के प्रति संजीदगी और झुकाव आए और यही बच्चे आगे जाकर सुरक्षित समाज का निर्माण करें। स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षा आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन लगभग 30 वर्षों से जारी है। सड़क सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, संयंत्र सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर बच्चे अपने मनोभाव और जानकारी को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करते हैं। साल दर साल प्रतिभागियों की बढ़ती संख्या और बच्चों के साथ-साथ मां-पिता के उत्साह को देखते हुए गत वर्ष से बीएसपी ने पालकों के लिए भी प्रतियोगिता का आयोजन किया है। अब बच्चों के साथ उनके पालक भी पेंटिंग्स बना कर अपने पुराने हुनर को जिंदा कर रहे हैं। करीब 3 घंटे चलने वाली प्रतियोगिता में पहले पालक सिर्फ दर्शक बने रहते थे, लेकिन विभाग के इस अनूठे प्रयास ने उन्हें भी प्रतियोगिता का हिस्सा बना दिया।

स्पेशल एबल्ड बच्चे भी दिखाते हैं अपना हुनर

प्रतियोगिता में एक अनूठा प्रयास यह भी है कि स्पेशल एबल्ड बच्चों के लिए भी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिसमें वे समाज के अन्य वर्ग के साथ बैठकर अपने हुनर दिखाते हैं। भिलाई के मुस्कान प्रगति सहित 3 स्कूल के बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। उन्हें उनके शिक्षक और बालकों की देखरेख में चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने की खुशी देखते ही बनती है।

'सुरक्षा घर से घर तक' मूल मंत्र

बीएसपी के सुरक्षा विभाग का मूल मंत्र है - सुरक्षा घर से घर तक, अर्थात कर्मचारी जब घर से संयंत्र के लिए निकलें तो सड़क सुरक्षा का पालन करते हुए संयंत्र में प्रवेश करें और कार्य अवधि के दौरान सुरक्षा के उच्च मूल्य का पालन करते हुए सुरक्षित अपने घर वापस लौटें। यह तभी संभव है कि वे सड़क सुरक्षा सहित संयंत्र में सुरक्षा के हर पहलू को गंभीरता से लें।

सुविचार

पाना आसान है लेकिन उसे संभाल कर रखना मुश्किल है चाहे वह दौलत हो, इज्जत हो, शोहरत हो या मोहब्बत हो।

वैभव तेरा नाम रहेगा

अंडर 19 विश्वकप में चौदह साल के बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी ने आतिशी पारी खेल कर अंग्रेजों से लगान वसूल लिया। वैभव ने मात्र 80 गेंदों में 175 रनों की विस्फोटक पारी खेल कर टीम इंडिया का स्कोर 411 तक पहुंचा दिया। इस पहाड़ जैसे स्कोर का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 40 ओवर में ही पेवेलियन लौट गई और भारत ने 100 रनों से शानदार जीत दर्ज कर अंडर 19 वर्ल्ड कप पर अपना कब्जा बरकरार रखा। इसी के साथ भारत 6 बार अंडर 19 वर्ल्ड कप जीतने का अनूठा कीर्तिमान भी रच दिया। भारत ने पहले पहल 2000 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में अंडर 19 वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद टीम इंडिया के जेन जी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 6 बार विश्व विजेता बनी। इस बार की जीत के शिल्पकार बने वैभव सूर्यवंशी जिन्होंने सेमी फाइनल में भी धुंआधार अर्धशतक जड़ कर टीम इंडिया को फाइनल में पहुंचाया था और फाइनल में तो उसने कमाल ही कर दिया। मात्र 55 गेंदों में शतक जड़कर उन्होंने अंडर 19 वर्ल्ड कप में दूसरा सबसे तेज शतक बनाने का रिकार्ड बनाने इसके अलावा वैभव ने सबसे बड़ी पारी खेलने तथा सबसे ज्यादा सिक्सर लगाने सहित कई कीर्तिमान रच डाले। वाकई चौदह साल के इस खिलाड़ी ने अपने प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। वैभव ने अपने प्रदर्शन से सबको हतप्रभ कर दिया है। खासतौर पर अंडर 19 वर्ल्ड कप में उसके जो रिकार्ड बनाया है वह हमेशा याद रखा जाएगा और क्रिकेट की दुनिया में वैभव सूर्यवंशी का नाम रहेगा।अभी उनकी उम्र चौदह साल से कुछ ही ज्यादा हुई है। ऐसे में वे अगला अंडर 19 वर्ल्ड कप भी खेल सकते हैं और उसमें भी कई कीर्तिमानों को ध्वस्त कर और नया इतिहास रच सकते हैं। सचिन तेंदुलकर के बाद वैभव सूर्यवंशी के रूप में टीम इंडिया को एक और कोहिनूर मिलने जा रहा है जो अपनी चमक से दुनिया का चकाचौंध करने का माद्दा रखता है। वैभव सूर्यवंशी ने अपने इस प्रदर्शन से टीम इंडिया की सीनियर टीम के दरवाजे पर पूरी ताकत से दस्तक दे दी है। हो सकता है वे जल्द ही सीनियर टीम इंडिया के सबसे कम उम्र खिलाड़ी के रूप में खोलते नजर आएं और इस मामले में सचिन तेंदुलकर का रिकार्ड भी तोड़ दें। कल्पना की जा सकती है कि जब टीम इंडिया का हिस्सा बनकर वैभव सूर्यवंशी चौको-छक्कों की बारिश करेगा तो दुनिया की कोई भी टीम भारत के सामने कैसे थर-थर कांपेगी? बस जरूरत इस बात की है कि इस नायाब कोहिनूर के हीरे को संभाल कर रखा जाए और इसे अच्छे से तराशा जाए।

अपनी ही आग में झुल रहा पाक

पड़ोसी देश पाकिस्तान आज अपनी एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 50 लोगों की मौत हो गई और डेढ़ सौ से ज्यादा लोग घायल हो गए। निश्चित रूप से यह एक दुखद घटना है। इस हमले के पीछे भी पाकिस्तान में ही पल रहे लगभग तीन सौ आतंकी संगठनों में से किसी एक संगठन का हाथ होगा। कहते हैं कि जो बबूल का पेड़ बोता है उसे कांटे ही मिलते हैं। पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पाला पोसा है ताकि वे उनका भारत और अन्य पड़ोसी देशों में आतंक फैलाने के लिए उपयोग कर सके। भारत में तो इन आतंकी संगठनों ने कई आतंकी घटनाओं को अंजाम भी दिया है। पाक प्रायोजित आतंकवाद का दंश भारत लंबे असें से झेलता रहा है और पाकिस्तान को सबक भी सिखाता रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर भारत ने उसके कई आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद भी किया। इसके बावजूद पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से तौबा करने को तैयार नहीं है। जबसे असीम मुनीर पाकिस्तान के आर्मी चीफबने हैं पाकिस्तान आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगार बन गया है। वहां के आतंकी संगठनों के सौहले और बुलंद हो रहे हैं। पाकिस्तानी सेना भी निरंकुश हो गई है। नतीजतन पीओके से लेकर बलुचिस्तान तक वहां के बाशिंदों में पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ आक्रोश गहराता जा रहा है और गृहयुद्ध के हालात निर्मित होते जा रहे हैं। इसके लिए भी पाकिस्तानी हुक्मरान भारत को ही जिम्मेदार ठहराते हैं। जबकि पाकिस्तान खुद ही अपनी लगाई आग में जल रहा है। जिन जहरीले सांपों को पाकिस्तान ने दूध पिलाकर अपनी आस्तीन में पाल रखा है अब वे ही उसके लिए भस्मासुर सिद्ध हो रहे हैं। यदि अभी भी पाकिस्तान नहीं सुधरेगा तो बहुत जल्द वह अपने हाथों अपना अस्तित्व खो सकता है।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

◆ हमने स्वीकार किया है गुरु जी के चरणों में बैठना क्योंकि आनंद है और ए मजबूरी बैठाए हुए हैं। दोनों में बड़ा अंतर है ध्यान देना कोई न कोई मजबूरी, कोई भी कुछ भी इतनी सी भी लाचारी अगर बिठाकर रखी है तब तो से इत्तेफाक की बात है ये जाएगा और हम बैठेगा हैं।मेरा चुनाव है, मेरा आहलाद है, मेरा आनंद है, इन चरण में मौज है, मैं बहता हूं इनके साथ में, अपनी मर्जी से बहता हूं, मर्जी अपनी हो, मजबूरी न हो।

सदगुरू ऋतेश्वर

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1757: राबर्ट क्लाइव ने अलीनगर संधि द्वारा कलकत्ता (अब कोलकाता) को सिराजुदौला से लेकर ब्रिटिश नियंत्रण में शामिल कर लिया। 1760: मराठा सेनापति दत्ताजी शिन्दे का निधन। 1788: ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1801: फ्रांस और ऑस्ट्रिया ने लुनेविल्ले शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1824: 19वीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया। 1922: भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति एवं 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी.पी. कृष्णन नायर का जन्म। 1951: स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना के लिये सूची बनाने का कार्य शुरू। 1969: देश के छह राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। 1971: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा चांद पर भेजा गया अपोलो 14 अंतरिक्ष यान अपनी कार्य अवधि पूरी कर धरती पर वापस लौटा। 1975: रूसी अंतरिक्ष यान सोयूज 17 अंतरिक्ष से 29 दिन बाद धरती पर लौटा।

विकसित भारत के अग्रदूतों के भविष्य को संवारना

धर्मेंद्र प्रधान

इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा का आयोजन भारत की शिक्षा यात्रा में शांत लेकिन निर्णायक परिवर्तन को रेखांकित करता है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में परिकल्पित यह पहल, जो 2018 में एक एकल वार्षिक संवाद के रूप में प्रारंभ हुई थी, आज स्वाभाविक रूप से एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब यह एक राष्ट्रव्यापी सामूहिक प्रयास बन गई है, जिसमें विद्यार्थियों के समग्र कल्याण को केंद्र में रखा गया है और माता-पिता व शिक्षक इस साझा उत्तरदायित्व के सक्रिय सहभागी हैं।

इस वर्ष की सहभागिता का पैमाना इस पहल की गहराई को दर्शाता है। 4.5 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ परीक्षा पे चर्चा, पूर्व गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए अब जन-संपर्क से आगे बढ़कर सामूहिक स्वामित्व की एक महत्वपूर्ण अवस्था में प्रवेश कर चुकी है। यह अभूतपूर्व सहभागिता सक्षम वातावरण निर्मित करने के सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित करती है, जहाँ प्रत्येक बच?चा सीख सके, विकसित हो सके और सही मायनों में फल-फूल सके।

प्रधानमंत्री के प्रेरक नेतृत्व का प्रदर्शन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शिक्षा, अध्ययन और परीक्षा से जुड़े तनाव जैसे विषयों पर विद्यार्थियों के साथ संवाद सहानुभूति, व्यवहारिकता और प्रेरक नेतृत्व का विशिष्ट समन्वय प्रस्तुत करता है। सरलता, अनुशासन, आशावाद और मानव क्षमता में गहरी आस्था से परिपूर्ण उनके व्यक्तित्व ने लाखों बच्चों के मन पर गहरा और स्थायी प्रभाव अंकित किया है। औपचारिक प्रोटोकॉल की जटिलताओं से परे जाकर विद्यार्थियों से मार्गदर्शक, मेंटर और शुभचिंतक के रूप में जुड़ने की सहज क्षमता प्रधानमंत्री को विशिष्ट बनाती है। उनकी संवादात्मक, कथात्मक और आत्मीय शैली विद्यार्थियों को यह अनुभव कराती है कि उनकी बातें सुनी और समझी जा रही हैं। वे गर्मजोशी, हास्य और प्रामाणिकता के साथ संवाद करते हैं तथा अक्सर अपने जीवन के अनुभवों से उदाहरण लेकर धैर्य, एकाग्रता और आत्मबल जैसे व्यापक जीवन मूल्यों को सरलता से प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत स्पर्श परीक्षा से जुड़े दबावों को सहज बनाते हुए आश्वस्त और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है, जहाँ विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ सीखने और अनुभवों से बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

प्रत्येक बच्चे की विशिष्टता की पहचान

इस प्रयास के केंद्र में एक सरल किंतु अत्यंत सशक्त सत्य निहित है: हर बच्चा विशिष्ट है। प्रत्येक बच्चा अलग तरह से सीखता है, अपनी गति से आगे बढ़ता है और अपने भीतर ऐसी प्रतिभाएँ समेटे होता है, जिन्हें अंकों या रैंक तक सीमित नहीं रखा जा सकता।

परीक्षाएँ अपनी प्रकृति के अनुसार, बच्चे की क्षमता के सीमित पहलू को ही दर्शाती हैं। समग्र व्यक्तित्व के निर्माण के माध्यम से ही उसकी वास्तविक सृजनात्मकता और उत्कृष्टता का विकास होता है। कोई बच्चा गणित में उत्कृष्टता दिखा सकता है, कोई कलात्मक कल्पना में निपुण हो सकता है, और कोई करुणा के साथ संवेदनशील चिकित्सक बनने की क्षमता रखता है। ये भिन्नताएँ किसी तरह की कमी नहीं हैं; बल्कि यही विविध, सशक्त और नवोन्मेषी समाज की आधारशिला हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दर्शन का प्रतिबिंब

यह दर्शन राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के मूल में निहित है। इसके ढाँचे के अंतर्गत शिक्षण-पद्धतियों, पाठ्यक्रमों और मूल्यांकन प्रणालियों को एक वास्तविक बाल-केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप पुनर्गठित किया जा रहा है, जहाँ शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ सृजनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, शारीरिक

स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर विशेष बल दिया गया है। प्रारंभिक वर्षों में खेल-आधारित शिक्षण पर इसका जोर इस तथ्य को स्वीकार करता है कि जिज्ञासा और आनंद ही आजीवन सीखने की सबसे सशक्त आधारशिलाएँ हैं।

शिक्षा के आरंभिक वर्षों में मातृभाषा में शिक्षा देने का उद्देश्य बच्चों को अवधारणाओं की बेहतर समझ प्रदान करना है, जबकि बहुभाषिकता पर दिया गया बल ऐसी पीढ़ी के निर्माण की परिकल्पना करता है जो अपनी सांस्कृतिक और भाषायी जड़ों के प्रति विश्वास रखती हो तथा भारतीय ज्ञान परंपराओं को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में सक्षम हो।

मूल्यांकन संबंधी सुधार भी इसी उद्देश्य को प्रतिबिंबित करते हैं। पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएँ अब वर्ष में दो बार आयोजित की जाएँगी, जिससे विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए अधिक लचीलापन मिलेगा और उच्च-दबाव वाली एकल परीक्षा से जुड़ा तनाव कम होगा। 360-डिग्री समग्र प्रगति कार्ड लागू किए गए हैं, जो केवल बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों का ही आकलन नहीं करते, बल्कि उसके सामाजिक-भावनात्मक और शारीरिक विकास को भी समग्र रूप से दर्ज करते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि तंदुरुस्ती सीखने का अभिन्न अंग है, प्रत्येक सीबीएसई विद्यालय में सामाजिक-भावनात्मक परामर्शदाताओं की नियुक्ति अनिवार्य की गई है, जो विद्यार्थियों को शैक्षणिक और भावनात्मक तनाव के प्रबंधन में निरंतर सहयोग प्रदान करेंगे। अंत में, हमारे समक्ष उत्तरदायित्व स्पष्ट है–बच्चों को किसी एक साँचे में ढलने के लिए विवश नहीं करना चाहिए, बल्कि प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं को पहचानना, उनका समर्थन करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना चाहिए।

समग्र रूप से सीखना - प्रमुख केंद्रबिंदु

आज की शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, परीक्षाओं और रटने तक सीमित नहीं रह गई है। समग्रता से सीखने पर स्पष्ट रूप से ध्यान दिया जा रहा है। यह भली-भाँति समझा जा चुका है कि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार नहीं करती। चिंता, भय या भावनात्मक तनाव के बोझ तले बच्चे सार्थक रूप से नहीं सीख सकते। भारत की सभ्यतागत परंपराएँ इस स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण जागरूकता या माइंडफुलनेस, प्राणायाम और योग जैसे स्थायी साधन प्रदान करती हैं। ये अभ्यास बच्चों को अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं और एकाग्रता, शांति और लचीलेपन का निर्माण करते हैं। परीक्षा की तैयारी में सहायक होने के अलावा, ये अभ्यास जीवन कौशल विकसित करते हैं जो कक्षा के परे भी काम आते हैं–ताकि शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ भावनात्मक बुद्धिमत्ता, प्रकृति के साथ संतुलन और आंतरिक जागरूकता को भी सुदृढ़ बनाया जा सके।

चुनौतियों का समाधान

फिर भी, हमें आज की एक विशिष्ट आधुनिक चुनौती–अत्यधिक डिजिटल उपयोग और स्क्रीन टाइम का सामना करना है । लंबे समय तक लगातार डिजिटल उपकरणों के संपर्क में रहने से ध्यान की क्षमता कम होती है, नींद में बाधा आती है और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। लगातार कनेक्टिविटी, ऑनलाइन तुलना और डिजिटल अतिप्रेरणा का दबाव अक्सर परीक्षा के तनाव को बढ़ा देता है और उस माइंडफुलनेस को कमजोर कर देता है, जिसे हम बच्चों में विकसित करना चाहते हैं। यहीं पर माता-पिता और शिक्षक मिलकर भूमिका निभा सकते हैं। उपकरणों के उपयोग के लिए सुरक्षित सीमाएँ तय करके, साथ ही शारीरिक गतिविधियों, सृजनात्मक प्रयासों और पारिवारिक संवाद जैसे विकल्पों के प्रति प्रोत्साहित करके हम पुनः संतुलन स्थापित कर सकते हैं।

सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव: क्या बदला है और यह क्यों जरूरी है...

सौरभ गर्ग

महंगाई देश के सबसे अहम आर्थिक संकेतकों में से एक है, जिसे आम लोग रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सीधे महसूस करते हैं, जैसे घर का राशन, किराया और पेट्रोल-डीज़ल के खर्च में बढ़ोतरी से। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) इसी महंगाई को मापता है। यह उन चीज़ों और सेवाओं के दाम देखता है, जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज़ करता है। सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की ज़िंदगी का आईना है। यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ, और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ।

सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है। इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं, ताकि ज़रूरी चीज़ें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें।

भारतीय रिज़र्व बैंक भी ब्याज दर और महंगाई को नियंत्रित करने जैसे फैसलों के लिए सीपीआई आधारित महंगाई को ही सबसे मुख्य पैमाना मानता है। इसलिए जब सीपीआई ज़मीन की हकीकत सही तरीके से दिखाता है, तब सरकार और आरबीआई की नीतियाँ भी लोगों की असली परेशानियों के अनुसार बेहतर बन पाती हैं।

महंगाई सिर्फ दाम बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह भी है कि दामों में बदलाव से घर के बजट पर कितना असर पड़ता है। इसलिए जितना ज़रूरी दामों को मापना है, उतना ही ज़रूरी यह भी है कि महंगाई का सूचकांक लोगों की आज की खर्च करने की आदतों को सही तरीके से दिखाए। इसी संदर्भ में भारत में सीपीआई के आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 किया जा रहा है।

पिछली बार आधार बदले जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बदलाव आया है। शहरों की आबादी बढ़ी है, सेवाओं का क्षेत्र बढ़ा है, डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण खरीदारी का तरीका बदला है और घरों का खर्च अब कई नई चीजों पर होने लगा है। इसीलिए नया सीपीआई 2024 तैयार करने में 2023-24 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है।

समय के साथ लोगों की ज़रूरतें और खर्च बदलते हैं, इसलिए सीपीआई में अलग-अलग वस्तुओं और सेवाओं को दी जाने वाली अहमियत भी बदली गई है। जिन चीजों पर अब परिवार ज़्यादा खर्च करते हैं, उन्हें सीपीआई में

ज़्यादा महत्व दिया गया है, और जिन पर खर्च कम हो गया है, उन्हें कम महत्व दिया गया है। इससे सीपीआई वही महंगाई दिखाता है, जो सच में आम परिवार के बजट को प्रभावित करती है। साथ ही, उपभोग की टोकरी (कंजम्पशन बास्केट) को भी बदला गया है, ताकि सेवाओं पर बढ़ते खर्च जैसे नए रुझान दिखाई दे सकें, जो बढ़ती आय और बदलती जीवनशैली की वजह से बढ़ रहे हैं। सीपीआई को मापने का तरीका अपडेट करना भी उतना ही ज़रूरी है, जितना यह तय करना कि उसमें क्या-क्या शामिल किया जाए।

नया संशोधित सीपीआई अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के ज्यादा करीब है, लेकिन इसमें भारत से जुड़ी खास बातें भी बनी हुई हैं। इससे भारत की महंगाई की तुलना दूसरे देशों से करना आसान हो जाता है। आम परिवार के लिए इसका मतलब यह है कि सरकार और नीति बनाने वाले लोग यह बेहतर समझ पाते हैं कि भारत में दामों में होने वाला बदलाव दुनिया के हालात से कैसे जुड़ा है, और साथ ही यह भी ध्यान रहता है कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर क्या असर पड़ रहा है।

सीपीआई के लिए आंकड़े जुटाने का तरीका भी अब लोगों की बदलती खरीदारी और खर्च की आदतों के अनुसार बेहतर बनाया गया है। जहां पहले की तरह बाजारों से दाम इकट्ठा किए जाते रहेंगे, खासकर खाने-पीने और ज़रूरी चीज़ों के, वहीं 2024 के नए ढांचे में अब कुछ सेवाओं के ऑनलाइन दाम भी शामिल किए जा रहे हैं। जैसे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं, हवाई टिकट और कुछ अन्य सेवाओं के दाम अब ऑनलाइन स्रोतों से भी लिए जाएंगे।

नई सीपीआई श्रृंखला में अब कंप्यूटर की मदद से दाम इकट्ठा किए जा रहे हैं। इससे हाथ से होने वाली गलतियाँ कम हुई हैं और तुरंत जाँच भी हो जाती है। इससे दामों से जुड़े आंकड़ों की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता दोनों बेहतर हुई हैं। सीपीआई के आंकड़े सही और समय पर मिलना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर ऐसे फैसले होते हैं, जो सीधे आम आदमी की ज़िंदगी को प्रभावित करते हैं, जैसे कर्ज कितना महंगा होगा, बचत पर कितना ब्याज मिलेगा, और बढ़ती महंगाई से घर का बजट कैसे प्रभावित होगा। नए आधार वर्ष की सीपीआई में अब कई मामलों में सरकारी स्रोतों से मिलने वाले आधिकारिक आंकड़ों का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। जैसे रेल किराया, डाक शुल्क, ईंधन के दाम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बिकने वाली चीजें। इससे इन दामों को पहले से ज्यादा सही तरीके से दर्ज किया जा रहा है और बाजार सर्वे में होने वाली गलती या पक्षपात की संभावना भी कम हो जाती है। अब सर्वे के आंकड़े, सरकारी रिकॉर्ड और डिजिटल माध्यमों से मिलने वाले दाम, तीनों को मिलाकर सीपीआई तैयार की जा रही है। यह पुरानी व्यवस्था की तुलना में बड़ा सुधार है और इससे दामों में होने वाले बदलाव की ज्यादा भरोसेमंद तस्वीर मिलती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जख्मों को कर हवा भी सुखाने नहीं दिया इक रब्त् दर्द से भी निभाने नहीं दिया दिल ही में रह गयी कहीं इक दास्तां दबी बेदर्द वक्त ने भी सुनाने नहीं दिया दिन रात कोशिशें की तुझे भूल जाऊं ,पर खत ने पुराने तेरे भुलाने नहीं दिया रोने लगे लिपट कर मैयत से इस तरह होंठों पे होंठ रख दिये जाने नहीं दिया आकर ख़याल में मुझे बैचेन कर गये ख्बावों को उस धुंए में उड़ाने नहीं दिया मेंहदी में नाम लिखती या चेहरा बनाती इक हसरत ही रह गई ये--बनाने नहीं दिया कोई गिला नहीं--ये मोहब्बत थी वंदना उनको करीब वक्त ने आने नहीं दिया। - **वंदना मोदी गोयल**

थकान कभी भी काम के कारण नहीं होती बल्कि चिंता, निराशा, भय एवं असंतोष के कारण होती है! यह सदैव ध्यान रखने योग्य है।हमेशा काम करने वाला व्यक्ति कभी खाली बैठना पसंद नहीं करेगा। वह किसी न किसी काम में अपने को सदैव व्यस्त रखना पसंद करेगा। - **संजय कुमार गिरी**

एक चुप्पी, आपकी काफी कमजोरियों और अज्ञानता को ढ़क सकती है, इसलिए हर वक्त वाचाल (बकर-बकर करना) बनकर न रहें... एक बात और, आपके ज्यादा बोलने से सामने वाला पक सकता है और फिर सरेआम या फिर मन ही मन आपको गाली भी देगा.. (कोसेगा कि पका दिया नामुराद) । - **मिनाक्षी सिंह**

राग द्वेष को छोडिये, जपिये हरि का नाम/तन मन को निरमल करे, साधक मन श्री राम/ काम कबहुँ ना हिय बसे, मन मे परमानन्द / प्रेम ज्योति जलती रहे, रात प्रात अरू शाम। - **राजकिशोर मिश्र 'राज'**

एक घर छोड़ते हैं तो सिर्फ दीवारें नहीं छूटतीं, वहाँ रह जाती है सलीके से सजी ज़िंदगी, हँसी में घुला वक़्त, और रोज़मर्रा की छोटी-छोटी खुशियाँ। कुछ सामान साथ आ जाता है, कुछ एहसास वहीं टिके रह जाते हैं जिन्हें समेटना मुमकिन नहीं होता। शायद यही वक़्त का तक़ाज़ा है आगे बढ़ते जाना, और पीछे छूटे कल को याद बन जाने देना। यही तो ज़िंदगी का सफ़र है हर घर में थोड़ा जी लेना, और चलते वक़्त कुछ अपना छोड़ आना।

- **सीमा नागर**

अभी कम से कम बीस रिपोर्ट किए गए हैं मेरे प्रोफाइल पर। खोद-खोद कर वर्षों पुराने पोस्ट्स को रिपोर्ट किए जा रहे हैं। हर पोस्ट पर कंपनी के निर्णय को मानने के लिए बाध्य किया जा रहा है मुझे। अत्यधिक अपमानजनक है। ये वामजादी ईको सिस्टम के उचक्के, तथ्य और तर्कों से मुकाबला कर नहीं सकते, तो इस तरह गिरोहबंदी कर रहे हैं। कायर कहीं के।

- **पंकज कुमार झा**

हद हुई पार बेवफाई की, क्या करें बात बेहयाई की । खौफखाते नही खुदा से भी, खो गई आस रहनुमाई की। कब गिरेबान झाँक कर देखा, पाल ली आदतें बुराई की । शौक किरदार से ऊँचा रक्खा फ़िक्र करते क्या जग हँसाई की। फूँकते जिंदगी नशे में जो, जुर्रतें क्या दिया सिलाई की।

- **सुमन ओमानिया तरंगिणी**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज का दिन आशानुकूल रहेगा। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को मन लगाकर करेंगे लेकिन किसी के हस्तक्षेप करने से मन विक्षिप्त हो सकता है।

वृष: आज दिन का पूर्वार्ध आलस्य से भरा रहेगा। शारीरिक रूप से भी अस्वस्थ्य रहेंगे। जोड़ो में दर्द अकड़न की समस्या रहेगी। कार्यो को विलंब से करेंगे व्यवसाय की गति भी धीमी रहने से आर्थिक आयोजन प्रभावित होंगे।

मिथुन: आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज जिस भी कार्य को करने का मन बनायेंगे उसी में उलझने पड़ेंगी।

कर्क: आज के दिन अनैतिक कार्यो से बच कर रहें मन भ्रमित रहने के कारण निषेधात्मक कार्यो में भटकेगा। लोग आपसे भावनात्मक संबंध बनाएंगे परन्तु आवश्यकता के समय कोई आगे नही आएगा।

सिंह: आज आपके समस्त कार्य निर्बाधित रूप से चलते रहेंगे। कार्य व्यवसाय से आर्थिक लाभ भी रुक रुक कर होने से धन संबंधित परेशानियां कुछ हद तक सुलझेंगी।

कन्या: आज का दिन आशाओं के विपरीत रहने वाला है। सोची हुई योजनाए आरम्भ में सफल होती नजर आएंगी परन्तु मध्यान तक इनसे निराशा ही मिलेगी।

तुला: आज के दिन मानसिक चंचलता के कारण बनते कार्यो को दुविधा के कारण आप स्वयं बिगाड़ लेंगे। सरकारी कार्य आज सावधानी से करें अन्यथा लंबित रखें हानि निश्चित रहेगी। संबंधो के प्रति भी आज ईमानदार नही रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आपके गलत आचरण से कलुषित होगा। सामाजिक क्षेत्र पर लोग पीठ पीछे बुराई करेंगे।

वृश्चिक: आपको आज के दिन प्रत्येक कार्यो में सावधान रहने की आवश्यकता है। धन के पीछे भागने की प्रवृति पर आज लगाम लगाकर रखे अन्यथा धन के साथ-साथ मान हानि भी होगी।

धनु: आज के दिन लाभ के अवसर आपकी तलाश में रहेंगे। दिन में जिस किसी के भी संपर्क में रहेंगे उससे कुछ ना कुछ लाभ अवश्य होगा।

मकर: आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। प्रातः काल जल्दी कार्यो में जुटने का फल शीघ्र ही धन लाभ के रूप में मिलेगा। अधिकांश कार्य थोड़े से परिश्रम से पूर्ण हो जाएंगे।

कुंभ: आज का दिन काफी उठा पटक वाला रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं में अचानक बदलाव करना पड़ेगा। दिन के आरंभ में कार्यो की गति धीमी रहेगी समय पर वादा पूरा ना करने से व्यावसायिक संबंध खराब हो सकते है।

मीन: आपका आज का दिन व्यर्थ की भाग दौड़ में बीतेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से थकावट रहेगी फिर भी कार्यो को बेमन से करना पड़ेगा। आज आप चाहे कितना भी परोपकार करें फिर भी लोगो को खुश नही रख पाएंगे।

QUIZ TIME

1) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम पहली बार कब प्रसारित हुआ था?

2) फिगर स्केटिंग खेल से संबंधित गौरी राय किस राज्य से हैं?

3) जलोदर रोग किन पदार्थों के कारण होता है?

4) डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अधिवक्ता प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र कहाँ स्थापित किया गया है?

5) युद्ध सेवा पदक से सम्मानित होने वाली पहली महिला कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 03 अक्टूबर, 2014 (2) हरियाणा (3) शराब के अत्यधिक सेवन से (4) पुणे (5) मिंटी अग्रवाल

पहेली

शब्द सामर्थ्य -310



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सरपंच और तहसीलदार को जारी किया अवमानना का नोटिस

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने ग्राम सोनेसिली के सरपंच अजय साहू तथा तहसीलदार विक्रम सिंह राठौड़ के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करते हुए दिनांक 04 फरवरी 2026 को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह मामला ग्राम सोनेसिली में स्थित सामूहिक कृषि सहकारी समिति की भूमि से जुड़ा है, जहां लंबे समय से सदस्य शांतिपूर्ण खेती कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन और सरपंच

द्वारा बार-बार हस्तक्षेप और हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं।

जानकारी के अनुसार, सोनेसिली सामूहिक कृषि सहकारी समिति का पंजीकरण वर्ष 1972-73 में सहकारी समिति अधिनियम 1960 की धारा 7 एवं 9 के तहत हुआ था। समिति की भूमि (खसरा नंबर 443/1 एवं 528/1, वर्तमान में 1018, 1136, 1137, 1150 एवं 352) राजस्व अभिलेखों में दर्ज है और सदस्यों द्वारा दशकों से खेती की जा रही है। वर्ष 1995 में सहकारी समिति द्वारा समिति का परिसमापन कर दिया गया, जिसके खिलाफ सदस्यों ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक 3035/1995 दायर की। कोर्ट ने 14 सितंबर 1995 को यथास्थिति का आदेश दिया। इस बीच, मध्य प्रदेश शासन ने 29 जुलाई 1997 को एक सर्कुलर जारी किया, जिसमें परिसमापन के बाद भी सदस्यों के कब्जे वाली भूमि पर पात्रता के आधार पर आवंटन/व्यवस्थापन का अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद भी कलेक्टर रायपुर ने 17 सितंबर 2010 को ज्ञापन जारी कर अनुविभागीय अधिकारी को एक माह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबंध में हमारे संवाददाता ने जब सरपंच अजय साहू से फोन में बार बार संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर ने बताया कि उक्त क्षेत्र नायब तहसीलदार मंडन के कार्यक्षेत्र में आता है। परन्तु श्री मंडन ने भी फोन नहीं उठाया।

कार्रवाई नहीं होने से नाराज लोग पहुंचे कोर्ट

कोर्ट के इस आदेश के बावजूद, आरोप है कि सरपंच अजय साहू ने 14 दिसंबर 2025 को सदस्यों के साथ मारपीट की। इसके बाद 1 जनवरी 2026 को खेतों में आग लगाई गई, 6 जनवरी 2026 को पशुओं से चरवाई गई, और 9 जनवरी 2026 को फिर मारपीट की गई। इन घटनाओं की सूचना पुलिस, तहसीलदार और पुलिस अधीक्षक को कई बार दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आक्रोशित होकर सदस्यों ने उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका क्रमांक 165/2026 दायर की। संलग्न दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने सरपंच अजय साहू एवं तहसीलदार विक्रम सिंह राठौड़ को अवमानना नोटिस जारी किया है।

न्यूज गैलरी

नपाध्यक्ष साहू ने किया बोर खनन कार्य का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के वार्ड नंबर 21 स्थित आश्रम कॉम्प्लेक्स के समीप ब्राह्मण समाज भवन परिसर में नवीन बोर खनन कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नपा सभापति एवं पार्षदों को उपस्थिति में किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर समाज जनों को बधाई देते हुए कहा कि अब सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान पेयजल की समस्या नहीं होगी। श्री साहू ने बताया कि समाज के मांग पर उक्त बोर खनन अध्यक्ष निधि से किया गया है। इस अवसर पर सभापति सूरज महानंद, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी, मनीष शर्मा, समाज जन प्रमोद तिवारी, अश्वनी तिवारी, संतु तिवारी, रत्नेश साहू आदि उपस्थित थे।

श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए देवीचंद

महासमुंद/नवप्रदेश। श्री कबीर बाड़ा में आयोजित श्री शिव

महापुराण कथा के पंचम दिवस नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, पार्षद माखन पटेल, भाजपा नेता हनीष बग्गा शामिल होकर कथा श्रवण कर व्यास पीठ से आशीर्वाद लिए। कथा आयोजक नंदकुमार साहू को बधाई दी। तत्पश्चात इमलीभाठा वार्ड 10 संध्या साहू के निवास में श्री शिव महापुराण का पूजन कर महाआरती में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेत्री पार्वती साहू, सुनिता साहू, वार्ड 01 के पार्षद प्रतिनिधि गिरजाशंकर चंद्राकर उपस्थित थे।

युवक के साथ मारपीट, केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने शराब भट्ठी के पास मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को दया कोसरिया ने बताया कि 06 फरवरी को वह गांव के खेमराज हिरवानी की सगाई में सम्मिलित होने तोषगांव गया था। दोपहर करीब 1 बजे गांव के रतन खुंटे ने उसे बताया कि अर्जुन सिंह मिरी को कुछ लोग पझरापाली मार्ग स्थित शराब भट्ठी के पास मारने के लिए दौड़ा रहे हैं, तब वह रतन खुंटे के साथ वहां गया तो देखा कुछ लोग डंडा लेकर अर्जुन सिंह मिरी को मारने के लिए दौड़ा रहे थे। तब उसने और रतन ने बीच बचाव कर विवाद करने से रोका। खाना खाने के बाद करीब 3 बजे वह रतन के साथ शराब भट्ठी तोषगांव के पास गया था, तभी पहले से उपस्थित रितेश ने उनसे गाली गलौज की, मना करने पर हाथ में पहने चूड़ा से पीटा। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 296 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सीमांकन को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिनोधा के ईदगाह भाठा के पास जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को अरशद खान ने बताया कि ग्राम सिनोधा के ईदगाह भाठा में हमारी काबिज जमीन है, जिसके सीमांकन के लिये तहसील कार्यालय पटेवा में आवेदन दिया था। सीमांकन के लिए राजस्व विभाग से कर्मचारी-अधिकारी 6 फरवरी को पहुंचे थे, उसी समय गांव के यासीन खान, मो. रफीक खान और उसके परिवार के लोगों ने सीमांकन करने नहीं देंगे कहकर उनसे गाली गलौज कर मारपीट की। साथ ही घर को जलाने और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बीच बचाव करने आए युवराज ध्रुव को भी मो रफीक खान ने डंडे से पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवक से 30 लीटर शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब व निर्माण सामग्री बरामद कर आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुखापाली में छापा मारकर सुखापाली निवासी हमीद बर्मन (19) से 30 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 6 हजार रुपए) व शराब निर्माण की सामग्री, बर्तन व बिना नंबर की बाइक व नकदी 6740 रुपए, 2 मोबाइल जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से वृध्दा की मौत

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर से 19 किलामीटर दूर ग्राम ओटेबंद

में एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ओटेबंद गांव निवासी 75 वर्षीय वृध्दा फुलसंदरी बाई शौच क्रिया करके लौट रही थी इसी दौरान एक तेज रफ्तार पुष्पराज बस कंपनी की बस की चपेट में वृध्दा आ गयी फलसवरूप उसकी मौत हो गयी। इस घटना के विरोध गांव वालो ने चक्काजाम करके आक्रोश जताया जिस पर प्रशासन की ओर से 50 हजार रूपये की राशि मुआवजा के तौर पर देकर चक्काजाम समाप्त कराया घटना के पश्चात पुलिस ने बस को जब्त कर चालक के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर लिया है।

राजिम कुंभ कल्प : प्रचार-प्रसार कमजोर, कार्यक्रम चयन जनरुचि से दूर और व्यवस्था असंतोषजनक

अस्था से अधिक अव्यवस्था, करोड़ों खर्चने के बाद भी मंचीय कार्यक्रमों में दर्शकों का टोटा

- बाहरी एजेंसी इवेंट को करोड़ों का ठेका, स्थानीय ठेकेदारों को ठेंगा

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शुमार राजिम कुंभ कल्प मेला इस बार आस्था से अधिक अव्यवस्था और असंतोष को लेकर चर्चा में है। मेले के आयोजन और व्यवस्थाओं के लिए करोड़ों रुपये का इवेंट कार्य बाहरी एजेंसी को सौंपे जाने से स्थानीय ठेकेदारों, कलाकारों और व्यापारियों में जबर्दस्त आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस बार स्थानीय संसाधनों और लोगों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। वर्षों से मेला व्यवस्था, मंच सज्जा, साउंड, लाइट, टेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े काम करने वाले स्थानीय व्यवसायियों को दरकिनार कर दिया गया, जबकि बाहर की इवेंट कंपनियों को मोटे भुगतान पर ठेका दे दिया गया। स्थानीय ठेकेदारों का कहना है कि कुंभ कल्प मेला क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक और सांस्कृतिक समझ स्थानीय लोगों को बेहतर है, इसके बावजूद उन्हें सिर्फ दर्शक बनाकर रख दिया गया। कई छोटे व्यवसायियों और कारीगरों ने बताया कि मेले से मिलने वाली सालाना आमदनी पर ही उनके परिवार की रोजी-रोटी निर्भर रहती है, लेकिन इस बार वे पूरी तरह खाली हाथ रह गए।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी राशि खर्च कहां और किस आधार पर की गई? नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि इवेंट कार्यों के आवंटन की प्रक्रिया सार्वजनिक की जाए खर्च की पूरी जानकारी सामने लाई जाए स्थानीय ठेकेदारों और नामचीन कलाकारों को प्राथमिकता देने की नीति बनाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि यही रवैया रहा तो भविष्य में कुंभ कल्प जैसे आयोजनों से स्थानीय समाज का जुड़ाव कमजोर पड़ जाएगा। पूरे मामले में अब तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। यह चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। कुंभ कल्प मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। ऐसे में स्थानीय लोगों की उपेक्षा करना न केवल अनुचित बल्कि मेले की मूल भावना के भी खिलाफ है। श्री राजीव लोचन मंदिर क्षेत्र को पूरी तरह से सूना कर दिया गया जिससे लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

कार्यक्रम चयन में विभाग ने बरती लापरवाही

हैरानी की बात यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मंचीय कार्यक्रमों में दर्शकों की भारी कमी देखी जा रही है। प्रचार-प्रसार कमजोर, कार्यक्रमों का चयन जनरुचि से दूर और व्यवस्थाएं असंतोषजनक नजर आ रही हैं। पूर्व में राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त कलाकारों का कार्यक्रम होता था जिसमें बेतहाशा भीड़ इकट्ठी होती थी। पिछले वर्ष हंसराज रघुवंशी, मैथिली ठाकुर, लखबीर सिंह लक्खा जैसे नामचीन कलाकारों ने प्रदर्शन किया था परन्तु इस बार अभी तक कोई भी स्तरीय कार्यक्रम नहीं हुआ है जबकि आधा मेला खत्म हो चुका है।

शिक्षा दूत सम्मान मिलने पर स्कूल में हुआ शिक्षक सिराज का सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के सहायक शिक्षक सिराज बक्श को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के तहत शिक्षा दूत सम्मान मिलने पर शासकीय कन्या एवं प्राथमिक शाला खट्टी के शिक्षक स्टाफ, खट्टी सरपंच अनिता मोती मेहरा, पंच सावित्री साहू और विद्यार्थियों ने उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर सरपंच अनिता मोतीलाल मेहरा ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर बक्श का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच ने कहा कि शिक्षा के लिए सदैव समर्पण भाव से कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलना गर्व की बात है। हर शिक्षक अपने आप में विशिष्ट होते हैं। हमारे गांव में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करने में हमारे सभी शिक्षकों का महत्वर्ण योगदान रहता है। आने वाले समय में हमारे गांव के और भी शिक्षक को यह सम्मान जरूर मिलेगा। इस अवसर पर कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल ने कहा कि लगन और लगाव से कार्य करने वाले शिक्षकों को हर स्थान पर सम्मान मिलता है। हमारे शिक्षक ग्रामीण बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य पूरी निष्ठा से करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने हुए प्राथमिक शाला खट्टी की प्रधान पाठिका लीना पांडे ने कहा कि सहायक शिक्षक सिराज बक्श को यह सम्मान मिला हमारी संस्था के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम को पंच सावित्री साहू, शिक्षक उमाशंकर चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, सुनीता ध्रुव, अंजुम शेख, सुचिता लकरा, संगीता धुरंधर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता ध्रुव व आभार प्रदर्शन अंजुम शेख ने किया।

निर्वाचन प्रपत्र-7 के दुरुपयोग और फर्जीवाड़ा पर लगाएं रोक : आलोक

- मतदाताओं के नाम कटवाने वालों पर दर्ज हो अपराध

महासमुंद/नवप्रदेश। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स.महामंत्री व अधिवक्ता आलोक चंद्राकर ने एसआईआर प्रक्रिया की मंशा पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा है कि गणना पत्रक में 2003 के मतदाता सूची सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद पुन: उन्हें नोटिस जारी कर लाइन में लगवाया गया और अब दावा-आपत्ति में जिस प्रकार से प्रपत्र-7 का दुरुपयोग कर व्यक्ति विशेष के नामों को चिन्हांकित कर उन्हें स्थानांतरित बताकर नाम कटवाने की साजिश की जा रही है, जो मतदाता के संवैधानिक अधिकार को समाप्त करने का कार्य है। पकड़े जाने के बाद प्रपत्र-7 नहीं भरने की बातें की जा रही है, ऐसी स्थिति में पूरी प्रशासनिक तंत्र एवं बीएलओ की कार्रवाई शंकास्पद है, जो मतदाता एक माह पूर्व गणना पत्र भरे उसके नाम पर आपत्ति अन्य स्थान का व्यक्ति करें और उस प्रपत्र-7 में ना आपत्ति का विकल्प है, न मोबाइल नंबर का उल्लेख है। वैसे आवेदन लेना गंभीर चूक के साथ दल विशेष के हस्तक्षेप का प्रमाण है। बड़ी संख्या में एक व्यक्ति विशेष द्वारा आपत्ति किया जाना आपराधिक कृत्य है।

खरोरा तालाब को किया कचरा और प्लास्टिक मुक्त

महासमुंद/नवप्रदेश। बड़े आयोजनों के छोटे शहर महासमुंद में स्वच्छता के लिए निरंतर जागरूकता लाते हुए एवं सभी सामाजिक संगठनों एवं पर्यावरण संरक्षक संस्थाओं के साथ एकता के एक सूत्र में बांधते हुए नेतृत्वकर्ता समूह हमर भुईयां पर्यावरण संरक्षक संस्था और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आज महासमुंद शहर में स्वच्छता अभियान के अपने ऐतिहासिक महाअभियान की नवीन श्रृंखला के द्वितीय चरण में ग्राम खरोरा स्थित सरोवर एवं शहीद स्मारक स्थल, मंदिर परिसर को प्लास्टिक

मुक्त कचरे, डिस्पोजल, झिल्लियों एवं पोखर को साफकरते हुए बड़ी मात्रा में जलकुंभी को हटाने का कार्य जनसहयोग से किया गया। हमर भुइयां संस्था के अध्यक्ष नुरेन चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष तालाब स्वच्छता महाअभियान के द्वितीय चरण में ग्राम खरोरा स्थित तालाब में जनसहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम कर महासमुंद नगर और आसङ्कपास के ग्रामों के तालाबों, जलाशयों को प्लास्टिक कचरे से पूर्णत: मुक्त करने के सामूहिक प्रयास करते हुए आसपास के लोगों और प्रकृति प्रेमियों व युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया है।

नि :शुल्क दंत रोग परीक्षण शिविर 12 को

पिथौरा/नवप्रदेश। पिथौरा के परमेश्वरी मंदिर में आगामी 12 फरवरी 2026 को एक विशाल नि:शुल्क दंत रोग परीक्षण शिविर का आयोजन होने जा रहा है। गजानंद सत्यनारायण ज्वेलर्स एवं पतंजलि आरोग्य केंद्र पिथौरा द्वारा आयोजित इस शिविर में गुजरात आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ डॉ. विकास अग्रवाल सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक अपनी सेवाएँ देंगे। इस शिविर की विशेषता यह है कि यहाँ आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के दांतों एवं मसूड़ों से जुड़ी समस्याओं जैसे—सड़न, सूजन, खून आना, झनझनाहट और मुँह की बदबू का गहन परीक्षण कर उचित परामर्श दिया जाएगा। जो लोग इस शिविर का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए सत्यनारायण अग्रवाल (9425506424), डॉ. संजय गोयल (9165361967) या कमलअग्रवाल (8962215000) के माध्यम से अपना अग्रिम पंजीकरण करवा लें। मरीजों को अपने साथ पुरानी बीमारियों की पर्ची और रिपोर्ट लाने के निर्देश दिए गए हैं।

फोर्स को सफलता: माओवादियों का डम्प सामान जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में वापस लौटे माओवादियों से गहन पूछताछ करने के पश्चात् प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के ओडिसा राज्य कमेटी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिला गरियाबंद के ओडिसा राज्य से लगे पहाडी श्रृंखलाओं में विभिन्न स्थानों पर आटोमेटिक हथियार एवं टेक्निकल टीम के वेपन वर्कशॉप के उपकरण सहित भारी मात्रा में अन्य सामाग्रियों को डम्प कर रखे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के आधार पर डम्प के स्थानों को चिन्हित कर जिला मुख्यालय गरियाबंद से जिला पुलिस बल ई.30 की आप्स टीम को दिनांक 06.02.2026 को रवाना किया गया था। लगातार 36 घण्टे चले सर्च अभियान के पश्चात् ई.30 टीम ने 06 अलग.अलग स्थानों से माओवादियों द्वारा डम्प कर रखे गये 02 नग इंसासए 01 नग 303ए 01 नग देशी कट्टा, 01 नग सुरका ;देशी बीजीएल लांचर, 02 नग 12 बोर, 02 सिंगल शॉट हथियारए 127 नग जिंदा राउण्डए 08 नग मैग्जीनए 22 नग बीजीएल सेल, 01 बण्डल इलेक्ट्रिक वॉयर तथा टेक्निल टीम

के वेपन वर्कशॉप के विभिन्न उपकरणों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। ज्ञात हो कि माओवादियों की टेक्निकल टीम उनके शीर्ष नेतृत्व के सीधे निगरानी में आईईडी तथा विभिन्न देशी हथियारों के निर्माण सहित आटोमेटिक हथियारों के मरम्मत का कार्य संपादित करती थी। जिला गरियाबंद पुलिस द्वारा विगत् डेढ वर्ष से संचालित नक्सल उन्मूलन अभियान ष्आपरेशन विराटष् ष् के तहत 26 जनवरी 2026 के पूर्व गरियाबंद क्षेत्र में सक्रिय धमतरी. गरियाबंद. नुआपाड़ा डिवीजन के सम्पूर्ण सूचीबद्व माओवादियों को आत्मसमर्पण निष्क्रिय करने में सफलता प्राप्त हुई थी।

आक्रोश : रेवा मोंगरपाली-बिहाझर सड़क के लिए कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री के खिलाफ नारेबाजी

भाजपा सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में पूरी तरह नाकाम : द्वारिकाधीश

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेवा मोंगरपाली से बिहाझर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण को लेकर शनिवार को मुनगासेर में कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रेवा मोंगरपाली से बिहाझर तक सड़क निर्माण की मांग लंबे

समय से की जा रही है, लेकिन लगातार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यह आंदोलन किया गया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत कराया जा चुका है और उन्होंने स्वयं वित्त मंत्री को पत्र लिखकर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि दो वर्ष के अंदर प्रशासकीय स्वीकृति देने की नीति होने के बावजूद सरकार इस मामले में अनावश्यक विलंब कर रही है। इस संबंध में विधानसभा में भी याचिका प्रस्तुत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण न होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। विधायक श्री यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल साबित हो रही है।

12 के बजाय 2 सड़कों को मिली स्वीकृति

जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की 12 प्रस्तावित सड़कों में से 10 का निर्माण कार्य अभी भी लंबित है, जबकि केवल दो सड़कों पर अग्रिम कार्रवाई की गई है। उन्होंने इसे सरकार की उदासीनता का उदाहरण बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति नहीं दी गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। आगामी चरण में एसडीएम कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय का घेराव, साथ ही बाइक रैली निकालकर रायपुर में मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

घर के सामने से बाइक ले उड़ा चोर

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने ग्राम तोरला में एक घर के सामने खड़ी बाइक चोरी के मामले में अज्ञात के चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कृष्णा यादव ने बताया कि वह अपने ससुराल ग्राम तोरला रहता है। 1 फरवरी को वह अपनी बाइक हीरो होंडा पैशन प्रो क्रमांक सीजी 04 डीआर 2200 को ग्राम तोरला के करण सोडी के घर के सामने बाहर खड़ी कर रायपुर गया था। रात में करीब 11.30 बजे करण सोडी ने फोन कर बताया कि 10-11 बजे के बीच अज्ञात ने बाइक पार कर दी।

खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिलने पर उन्होंने अज्ञात चोर के खिलाफथाने में अपराध दर्ज कराई है।

नांगझर में सरकारी कर्मचारी के नाम पीएम आवास स्वीकृति, रसेला से लेकर गांव-गांव तक फैलता जा रहा आवास का खेल

■ **छुरा जनपद में पीएम आवास योजना पर बड़ा सवाल**

छुरा /नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) देश के सबसे गरीब, बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों के लिए एक पक्की छत का भरोसा लेकर आई थी lलेकिन छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के छुरा जनपद पंचायत क्षेत्र में यह महत्वाकांक्षी योजना लगातार विवादों में घिरती जा रही है। रसेला, सोरिद, हिराबतर और रुवाड जैसे मामलों के बाद अब ग्राम पंचायत घटकर्रा के आश्रित ग्राम नांगझर से सामने आया नया प्रकरण यह संकेत दे रहा है कि कथित अनियमितताओं की श्रृंखला अब भी जारी है।

सरकारी सेवा में होने के बावजूद मिला प्रधानमंत्री आवास: ताजा मामला नांगझर निवासी उमेश साहु पिता समारू साहु से जुड़ा है, जो वर्ष 2017 से एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) में पदस्थ बताए जा रहे हैं lउपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2024ङ्क25 में उनके नाम प्रधानमंत्री

आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत किया गया। रिकॉर्ड में दर्शाया गया है कि पहली किस्त 8 सितंबर 2024 को और अंतिम किस्त 28 फरवरी 2025 को जारी हुई lइस तरह कुल 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि का पूरा भुगतान हो चुका है और आवास को पूर्ण दर्शाया गया है lप्रधानमंत्री आवास योजना के दिशा-निर्देश स्पष्ट करते हैं कि नियमित सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति इस योजना के पात्र नहीं होते। इसके बावजूद किसी सरकारी कर्मचारी के नाम आवास स्वीकृत होना, निर्माण पूरा होना और पूरी राशि निकल जाना पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हितग्राही का बयान मामले में जब जिस व्यक्ति के नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, उस उमेश साहु से संपर्क किया गया,तो उन्होंने कहा— मैं वर्ष 2017 से एसटीएफ में पदस्थ हूं। हां, मेरे नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। मकान का निर्माण भी पूरा हो चुका है और पूरी किस्त की राशि भी मिल चुकी है। मैं शासकीय कर्मचारी हूं, लेकिन मेरे नाम से आवास कैसे स्वीकृत हुआ, यह ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव और जनपद पंचायत के अधिकारी ही बता पाएंगे lयह बयान इस बात की पुष्टि करता है कि हितग्राही स्वयं सरकारी सेवा में होने की बात स्वीकार कर रहे हैं और स्वीकृति प्रक्रिया को लेकर जिम्मेदारी पंचायत व जनपद स्तर पर होने की ओर इशारा कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने जनदर्शन और पंचायत स्तर पर की शिकायत

रसेला से शुरू हुई थी परतें, अब नांगझर तक पहुंचा मामला छुरा जनपद पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले रसेला में नगर क्षेत्र के व्यक्ति के नाम आवास स्वीकृति, सोरिद में सरकारी सेवा से जुड़े परिवार के नाम मकान, हिराबतर में अधूरे निर्माण पर भुगतान, और रुवाड में बिना वास्तविक मकान बने राशि निकासी जैसे प्रकरण सामने आ चुके हैं। इन मामलों को लेकर ग्रामीणों ने जनदर्शन और पंचायत स्तर पर शिकायतें कीं, मीडिया में खबरें प्रकाशित हुईं, लेकिन अब तक किसी बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की ठोस जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पाई।

न्यूज गैलरी

विशेष साहू को राज्यपाल के हाथों से मिली पीएचडी की उपाधि

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। ग्राम कन्हार गाँव डोंगरगढ़ के निवासी डॉक्टर विशेष कुमार साहू जो सरस्वती शिशु मन्दिर डोंगरगढ़ के वरिष्ठ आचार्य है. इनके पिता कृष्ण कुमार साहू माता श्रीमती कुंति बाई साहू पत्नी श्रीमती प्रीति साहू है इनके द्वारा रावत पूरा सरकार यूनिवर्सिटी से मकड़ी में जैव विविधता जिला राजनांदगांव में शोध कार्य (जूलॉजी में क्ष्ाष्ठ)करने पर महामहिम छत्तीसगढ़ के राज्यपाल माननीय रामेन डेका जी के कर कमलों से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ इनके सुपरवाइज़र डॉक्टर सुरेंद्र कुमार गौतम हैं जिन्होने इनके क्ष्ाष्ठ पर अपना अमूल्य योगदान दिया इनके पास कैमेस्ट्री और जूलॉजी विषय में एमएस सी तथा डीएड और बीएड की डिग्रियाँ हैं. इनकी इस उपलब्धि पर इनकी पत्नी प्रीति साहू, इनके भाई हीरा साहू, गाँव के पूर्व सरपंच प्रति, गंगाधर साहू मित्र किसन पटेल. नीलम सेन, सिलेश साहू आदि ने इनकी इस उपलब्धि पे बहुत बहुत शुभकामनाये प्रेषित किया है।

वीबी जीराम योजना के तहत गोरेगांव में रोजगार दिवस का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। वीबी जी राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरेगांव में रोजगार दिवस का सफ्ल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल पर चल रहे मिट्टी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें मिल रहे रोजगार और योजनाओं की जानकारी दी गई।ग्राम पंचायत गोरेगांव में संचालित मिट्टी सड़क निर्माण कार्य के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है और ग्रामीणों को अपने ही गांव में काम मिल रहा है। इस दौरान सरपंच कन्हैयालाल नाग एवं उप सरपंच जीवन यादव पच गण एवं लोगों की उपस्थिति में रोजगार दिवस मनाया गया। जनप्रतिनिधियों सरपंच ने कहा कि इस तरह के कार्यों से गांव के विकास के साथ-साथ ग्रामीणों की आजीविका भी सुदृढ़ हो रही है। ग्रामीणों ने भी रोजगार उपलब्ध कराने और विकास कार्यों को गति देने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना की। पंचायत द्वारा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही गई।

निधन : गिरजा बाई साहू

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत डोगरडुला के गिरजा बाई साहू का आकस्मिक निधन दिन,शनिवार को हो गया। उनके निधन से परिवार सहित पूरे समाज में शोक की लहर व्याप्त है। उनके अंतिम यात्रा में परिजनों, रिश्तेदारों एवं समाज के लोगों ने गहरा दुख श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिसमें प्रताप नारायण साहू, भीम साहू, रोहित साहू एवं मोहित साहू संदीप, चतुर्भुज, मोहनिश, ओमप्रकाश, त्रिलोक, ज्ञानेंद्र, जीवांश, शिवप्रकाश, चंद्रप्रकाश, नरेश सहित समस्त साहू परिवार हैं। पंचहावन (तेरहवीं) एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम दिनांक 11 बुधवार को डोंगरडूला (नगरी) में आयोजित किया गया है।

सखा राम साहू

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत करैहा के उपसरपंच एवं परिक्षेत्र साहू समाज परसापानी के पूर्व अध्यक्ष सखा राम साहू का आकस्मिक निधन 7 फरवरी शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट में किया गया। वे भूपेंद्र कुमार साहू के पिता थे। उसके निधन से गांव में शोक की लहर है। वे अपने पीछे भरा - पूरा परिवार छोड़ गए।

कुरुद जनपद के ग्राम पंचायत नारी में कथित फर्जीवाड़े का आरोप

गजब है भाई... सिर्फ कागजों में बनी नाली और हो गया खातों में भुगतान

कुरुद/नवप्रदेश। विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला ग्राम पंचायत नारी, विकासखंड कुरूद, जिला धमतरी से सामने आया है। आरोप है कि पक्की नाली निर्माण का कार्य बिना कराए ही उसे पूर्ण दिखाकर दो लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली गई, जबकि मौके पर आज तक निर्माण शुरू तक नहीं हुआ।

शिकायतकर्ता सतीश शर्मा ने इस पूरे मामले की शिकायत पंचायती राज मंत्रालय सहित संबंधित अधिकारियों से की है। शिकायत में कहा गया है कि पक्की नाली निर्माण ङ्क सतीश शर्मा के घर से सरस्वती शर्मा के घर तक (कार्य क्रमांक 57074239) नाम से स्वीकृत कार्य को कागजों में पूर्ण दिखाकर भुगतान कर दिया गया, लेकिन जमीन पर नाली का नामोनिशान तक नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब काम हुआ ही नहीं, तो माप-पुस्तिका, पूर्णता प्रमाणपत्र और भुगतान की प्रक्रिया किस आधार पर पूरी कर दी गई? यह मामला कलेक्टर जनदर्शन में भी लंबित बताया जा रहा है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या जांच को जानबूझकर लंबा खींचा जा रहा है? शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जनपद स्तर के कुछ अधिकारी अवैध वसूली कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि प्रशासनिक जांच के बाद ही संभव होगी।

यह पहला मामला नहीं : शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बस स्टैंड नारी में शौचालय-बाथरूम निर्माण के नाम पर भी राशि आहरण कर ली गई।

जांच के नाम पर लीपापोती के आरोप

शिकायतकर्ता का आरोप है कि 15 अक्टूबर 2025 को दर्ज शिकायत के बाद जांच का आदेश ऑनलाइन जारी हुआ, लेकिन स्थानापन्न सचिव युवराज साहू द्वारा शिकायतकर्ता को बिना सूचना दिए ही कागजों में पूर्णता की कार्रवाई तैयार कर दी गई।

उठते बड़े सवाल

बिना काम के भुगतान कैसे जारी हुआ?
माप-पुस्तिका और पूर्णता प्रमाणपत्र किस आधार पर बने?
जांच आदेश के बाद भी कार्रवाई क्यों लंबित है?
क्या उच्च स्तर पर संरक्षण के कारण मामले दबाए जा रहे हैं?

ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और शिकायतकर्ता ने मांग की है कि- कार्य का स्वतंत्र स्थल सत्यापन कराया जाए दोषी पाए जाने पर सरपंच-सचिव सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो फर्जी भुगतान की राशि की वसूली की जाए और वास्तविक निर्माण कार्य कराया जाए प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार इस मामले में संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों या अधिकारियों की आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है। जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन फिलहाल कागजों में विकास और जमीन पर सच्चाई के बीच का अंतर एक बार फिर ग्रामीण व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

राज्य सलाहकार ने राज्यपाल गोद ग्राम 'बिजली' का किया निरीक्षण

■ **स्वच्छता सुधार, कचरा संग्रहण और प्लास्टिक मुक्त गांव के दिए निर्देश**

गरियाबंद /नवप्रदेश। राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की राज्य सलाहकार श्रीमती मधुरिमा महेंद्र सिंह गिरी ने फिंगेश्वर विकासखंड के राज्यपाल गोद ग्राम 'बिजली' का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव की स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन करते हुए पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें स्वच्छता सुधार को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपसरपंच, वार्ड पंच, मितानिन दीदी, स्वच्छग्राही महिलाएं और स्कूल शिक्षक उपस्थित थे। श्रीमती गिरी ने शिक्षकों को बच्चों में स्वच्छता जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि बच्चे अपने घरों और परिवेश को साफ रखने के लिए परिवार को प्रेरित कर सकते हैं। वार्ड पंचों को अपने-अपने वार्ड का गहन निरीक्षण कर सूक्ष्म स्वच्छता कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। वहीं पंचायत सचिव को राशन कार्ड के आधार पर सभी व्यक्तियों का पुनर्मूल्यांकन कर स्वच्छ भारत मिशन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को कहा गया।

जिला समन्वयक परवेज हनफी ने स्वच्छग्राहियों को घर-घर जाकर नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने को कहा। पारदर्शिता के लिए वार्ड स्तर पर उपस्थिति मॉनिटरिंग हेतु रजिस्टर बनाने को कहा गया।

स्वच्छ भारत मिशन: समीक्षा बैठक में प्रशासन सख्त

■ **लापरवाह पंचायत सचिवों को चेतावनी, अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने वाले पंचायत सचिवों पर प्रशासन का रुख अब सख्त हो गया है। बुधवार को विकासखंड मैनपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रहने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में जनपद सीईओ श्री नागवंशी, प्रभारी अधिकारी अमजद जाफरी तथा जिला समन्वयक परवेज हनफी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य लंबित कार्यों में तेजी लाना और योजनाओं को वास्तविक रूप से लाभार्थियों तक पहुंचाना था। अधिकारियों ने व्यक्तिगत शौचालयों की जियो-टैगिंग शीघ्र पूर्ण करने तथा पूर्ण कार्यों के प्रमाणपत्र समय पर जमा करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि बिना विलंब के मिल सके।

परीक्षा-पे-चर्चा: कूंरा की छात्रा से पीएम मोदी ने की बात, छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी खिलाया

धरसीवां / कूंरा श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा की छात्रा को मिला प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी जी से मिलने का मौका। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि यह शाला परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि कक्षा 11वी कॉमर्स की छात्रा दीक्षा वर्मा पिता सालिकराम वर्मा को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी से रुबरु होने का अवसर मिला, यह प्रशारण कल दिनांक 9 फरवरी को प्रात:10 बजे दूरदर्शन एवम यूट्यूब पे देखा जा सकता है। उनसे मिलने के बाद दीक्षा ने बताया कि मोदी जी ने बहुत ही सहजता से उनसे बातें करते हुए बताता कि जीवन में अनुशासन एवम निरन्तरता से ही कामयाबी मिलती हैं, हमें सदैव अपनी संस्कृति से

जुड़े रहना चाहिए एवम बौद्धिक विकास के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। आधुनिकता के दौर में ए आई के अवसरों एवम कौशल विकास के महत्व को भी बताया। मोदी जी ने अपने हाथों से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन खुरमी को दीक्षा के साथ साथ अन्य बच्चों को भी खिलाया और कहा कि हमे सदैव अपने संस्कृति के अनुरूप नमस्कार करते हुए सबका अभिवादन करना चाहिए चाहे वो युवा पीढ़ी हो, बच्चे अथवा व्यस्क सबको यह ध्यान रखना है।

नि :शुल्क बायोनिक हाथ वितरण शिविर का होगा आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम (बायोनिक) हाथ प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन जाएगा। इस योजना के अंतर्गत केवल वे दिव्यांग हितग्राही पात्र होंगे। जिनका हाथ कोहनी से नीचे, अर्थात कोहनी और कलाई के बीच कटा हुआ है। अन्य प्रकार की दिव्यांगता वाले हितग्राहियों को इस उपकरण के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। दिव्यांगजनों की कार्य क्षमता को सुगम एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्राथमिकता के आधार पर छात्र-छात्राओं, स्वरोजगार अथवा रोजगार से जुड़े तथा युवा दिव्यांग हितग्राहियों का प्रासंगिकता के अनुसार चयन किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र दिव्यांगजन अपने संबंधित जनपद पंचायत, नगरीय निकाय अथवा जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, कक्ष क्रमांक 11 में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

■ **महिला खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में किया शानदार प्रदर्शन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद के तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खेल मैदान में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में महिलाओं एवं बालिकाओं में खेल भावना का विकास करना,

शारीरिक सुदृढ़ता बढ़ाना तथा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर नगर पालिका परिष्द अध्यक्ष रिखी राम यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, पार्षद रेणुका साहू, पार्षद मधु देवांगन एवं अपर कलेक्टर (प्रभारी खेल अधिकारी) ऋषा ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और खेल के माध्यम से वे आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होती हैं। खेल के मैदान में हार-जीत तो क्षणिक होती है, लेकिन उससे मिलने वाली सीख जीवन भर साथ रहती है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते रहने और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न विकासखंडों से शामिल हुए महिला खिलाड़ियों ने तवा फेंक, खो-खो, वॉलीबाल, बैडमिंटन 100 एवं 400 दौड़, रस्साकसी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग सहित अनेक खेल विधाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

खिलाड़ियों को मिल रहा बेहतर अवसर: स्वप्निल

पिथौरा/नवप्रदेश। शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी कार्यक्रम के विशेष अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष परमित सिंह निशू माटा विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मुन्नू पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। उपस्थित खिलाड़ियो को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि के आसंदी से भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि पिथौरा का नाम हमेशा से विभिन्न गतिविधियों आयोजनों के नाम से जाना जाता है इस कड़ी में अब

यह जिला स्तरीय डियूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का नाम भी अंकित हो गया है। आयोजन समिति इस आयोजन के लिये बधाई की पात्र है।

निश्चित ही ऐसे आयोजन लगातार खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में मिल का पत्थर साबित हो रहे है जिसके परिणाम स्वरूप खेल प्रतियोगिताओ में ग्रामीण खिलाड़ियो की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और दर्शकों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। मैदान पर सुबह से ही दर्शकों की भीड़ उमड़ने लगी थी। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों की टीमों ने भाग लिया, जहां खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के कौशलदास मानिकपुरी चिरंजीव सिंहा डोलामणि अंजय सिंहा भोजराज डड़सेना पोलेश मिश्रा राहुल यादव विकास डड़सेना अविनाश पटेल सैलेन्द्र डड़सेना रोमन साहू सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

नवा रायपुर का सफ र होगा...

के छह महीनों के भीतर ई-बसें सड़कों पर दिखाई देने लगेंगी। यह अनुबंध 10 वर्षों की अवधि के लिए किया गया है, जिससे परिवहन व्यवस्था में स्थिरता बनी रहेगी।

डिपो का निर्माण कार्य प्रारंभ: ई-बसों के सुचारू संचालन के लिए बुनियादी ढांचे पर भी काम शुरू हो चुका है। एनआरडीए ने चीचा क्षेत्र में एक अत्याधुनिक डिपो का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस डिपो में बसों की पार्किंग और रखरखाव के लिए विशेष वर्कशाप के साथ ही बसों को चार्ज करने के लिए चार्जिंग पाइंट भी स्थापित किए जाएंगे। बसों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा, ताकि लाइव मानिटरिंग की जा सके।

सीसीटीवी कैमरों और जीपीएस से होगी लैस

नई ई-बसें न केवल पर्यावरण के अनुकूल होंगी, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी उन्नत होंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इनमें कई विशेष फीचर्स जोड़े गए हैं। प्रत्येक बस सीसीटीवी कैमरों और जीपीएस से लैस होगी। यात्रियों को अगले स्टॉप और रूट की जानकारी डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर मिलेगी।

कभी नक्सल हिंसा का...

एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। यह बैठक देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा तय 31 मार्च की समयसीमा से कुछ सप्ताह पहले आयोजित की गई।

इस बैठक के बाद अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी वित्तीय नेटवर्क को बाधित करने से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में परिणाम मिले हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 31 मार्च से पहले इस खतरे को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

संघ कहे तो पद छोड़ दूंगा, कोई भी...

आरएसएस को सूचित किया, लेकिन संघ ने मुझे काम जारी रखने को कहा है। उन्होंनेहल्के अंदाज में यह भी जोड़ा कि संघ अपने स्वयंसेवक से खून का आखिरी कतरा तक काम लेता है और अब तक संघ के इतिहास में किसी को रिटायर होने की नौबत नहीं आई है।

आदिवासी समाज के लोगों ...

के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर कर रहे हैं। लोगों के प्रदर्शन और चक्काजाम की खबर मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और लोगों समझाने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। लाइन से अतिरिक्त पुलिस बुलाई गई है।

आदिवासी समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

इस पूरे मामले को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि, दो लड़कियां गायब है और उनकी मिसिंग रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं हो रही है। थाने में टीआई ने हमारे लोगों से दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि, हमारी मांग है कि, जल्द से जल्द दोनों को ढूंढकर उनके परिजनों को सौंपा जाये। नहीं तो हम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन...

भोजन और सुरक्षा का पूरा बंदोबस्त भी मिलेगा। किराया विवरण (प्रति यात्री) फर्स्ट एसी: 1,06,940 रुपये, सेकंड एसी: 98,925 रुपये और थर्ड एसी 79,285 रुपये है। इस पैकेज में यात्रियों के होटल में ठहरने, खाने, एसी गाड़ी, यात्रा बीमा (इंश्योरेंस) का खर्च शामिल है, जिससे श्रद्धालु आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव कर सके।

आबकारी भवन में ...

मंजिल पर स्थित ऑडिट से जुड़े कक्ष से हुई। दमकल विभाग को सूचना मिलते ही गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग रिकॉर्ड रूम को काफी नुकसान पहुंचा चुकी थी। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज पूरी तरह जल जाने की चर्चा रही।

प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। रविवार सुबह पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान, दुकानों-ठेलों से गोगो पेपर सहित प्रतिबंधित नशीली सामग्री जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। शहर के प्रमुख बाजारों, पान ठेलों और दुकानों पर पुलिस ने एक साथ सघन जांच अभियान चलाकर प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने गोगो पेपर सहित अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री की बिक्री दोबारा करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

युवाओं को नशे से दूर रखने और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिये कबीरधाम पुलिस द्वारा निरंतर और प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में अवैध प्रतिबंधित नशीली सामग्री के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत डीएसपी कृष्णा चंद्राकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी योगेश कश्यप के साथ पुलिस टीम ने प्रमुख बाजार क्षेत्रों, पान ठेलों, किराना दुकानों और अस्थायी ठेलों में लगातार औचक निरीक्षण करते हुए गहन जांच अभियान चलाया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी और सतर्कता के साथ अवैध सामग्री की

बिक्री करने वाले संदिग्ध स्थानों पर बारीकी से तलाशी ली।

जांच के दौरान कई दुकानों और ठेलों से गोगो पेपर व अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री बरामद की गई। प्रतिबंधित सामग्री बेचने वाले संचालकों को थाने लाया गया।

दुकानदारों और ठेला संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित नशीली सामग्री का विक्रय करने पर विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कानूनी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

डीएसपी कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि कबीरधाम पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए इस प्रकार की सघन और प्रभावी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संयुक्त प्रयासों से नशा मुक्त समाज की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा सकेंगे।

जारी रहेगा अभियान

कबीरधाम पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। दुकानदारों और ठेला संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित नशीली सामग्री का विक्रय करने पर विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कानूनी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

– कृष्णा चंद्राकर, डीएसपी

न्यूज गैलरी

धान खरीदी का समय बढ़ाने के सीएम के फैसले की सर्वत्र सराहना : राजपूत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। राजपूत ने कहा कि सीएम साय के निर्देश पर प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत दी गई। तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिनों का समय दिया गया। 5 व 6 फरवरी को किसानों ने धान खरीदी केंद्रों में अपना धान विक्रय किया। राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों को असुविधा न होने देने के लिये बारदाना व हमालों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। राज्य सरकार का यह निर्णय किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी उपज के सुरक्षित व सुचारु विक्रय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

जागरुकता रैली निकालकर मनाया स्वच्छता तिहार

छुरिया/नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरचारीकला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छता तिहार मनाया गया। स्वच्छता तिहार के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणजन व स्वच्छता दीदियों ने जागरूकता रैली निकाली और चौपाल लगाकर ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ सार्वजनिक स्वच्छता, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, यूजर चार्ज और योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। मुक्तिधाम में साफ सफाई की गई। ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर करारोपण अधिकारी दानेन्द्र सिंह ठाकुर, बीसी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, शिक्षकगण, जनपद पंचायत सदस्य छुरिया ओमप्रकाश चंद्रवंशी, पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गांव-गांव में हजारों ग्रामीणों को मिली रोजगार के अधिकार की जानकारी

कवर्धा। कबीरधाम जिले के 437 ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों में लगे 55599 ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी की जानकारी दी गई। रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अंतर्गत उनके रोजगार के अधिकार सुरक्षित होने, समय पर मजदूरी का भुगतान मिलने, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, आजीविका डबरी के फायदे सहित ग्रामीणों को होने वाले लाभ के विषय में विस्तार से बताया गया। रोजगार एवं आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों से संवाद करते हुए जानकारी साझा की गई। वनांचल ग्राम पंचायत सेंदुरखार, महीडबरा, पोलमी पंडरीपानी, भेलकी, छुही, अमनआरा, बाकी, खड़ौदाखुर्द से लेकर सूरजपुरा जंगल, दानीघटोली, लाखाटोला, सिल्हाटी, धर्मगढ़ और तालपुर सहित जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन कर 1 अप्रैल 2026 से प्रत्येक पंजीकृत परिवारों को 100 के बजाय 125 दिनों का रोजगार, एक सप्ताह या अधिकतम 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान होने और समय पर मजदूरी भुगतान न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता, ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अधोसंरचना विकास, ग्राम सभा द्वारा पंचायत के कार्यों का चयन, क्यूआर कोड का उपयोग करने और पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से आवास निर्माण पर चर्चा करते हुए योजना की जानकारी दी गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद 1 अप्रैल से मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी योजना प्रतिस्थापित हो जाएगी। नई योजना में ग्रामीणों को पहले की अपेक्षा और अधिक अधिकार संपन्न बनाते हुए समय पर भुगतान सुनिश्चित किया गया है। प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में किया जाता है। इस अवसर पर योजना के विषय में ग्रामीणों का ज्ञानवर्धन किया गया।

पांच किलोमीटर सड़क का होगा निर्माण, ग्रामीण लेंगे सुहाने सफर का मजा

पचराही-बोदा सड़क निर्माण का भूमिपूजन पौने 2 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

■ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में जिले में लगातार हो रहा विकास कार्य

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 77 लाख 99 हजार रुपये की लागत से पचराही से बोदा तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ विकास की नई राह खोलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू और पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य रूपसिंह धुर्वे, नितेश अग्रवाल, मोहनसिंह धुर्वे, कांशीराम उइके, अमित वर्मा, नंदे पटेल, नरेश चंद्रवंशी, विश्वनाथ मेरावी, हरिचंद मेरावी, रमेश मेरावी, उर्मिला साकत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष साहू ने किया भूमिपूजन

पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस सड़क के निर्माण से पचराही, बोदा सहित आसपास के गांवों के लोगों को वर्ष भर सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य स्वीकृत हो रहे हैं और आम जनता को उसका सीधा लाभ मिल रहा है। डॉ. साहू ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचे और यह सड़क उसी दिशा में एक ठोस कदम है।

जिपं अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में जिले में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। गांव से लेकर शहर तक अधोसंरचना के क्षेत्र में बड़े-बड़े कार्य धरातल पर उतर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में जिले को नई दिशा मिल रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में घोठिया में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है, जो जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। उन्होंने आगे कहा कि पचराही-बोदा सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुँचाने में आसानी होगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

पुलिस ने चलाया अभियान, कबाड़ी दुकानों में मिले वाहनों के पार्ट्स

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कबाड़ के कारोबार में संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने सोमनी थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण नामदेव के नेतृत्व में कई कबाड़ी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।

सोमनी, धीरी, टेडेसरा, जोरातराई मेंकबाड़ी दुकानों के निरीक्षण के दौरान कई सामग्री के दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। पुलिस ने इन मामलों में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

सोमनी में कबाड़ी दुकान में मोटर सायकल का चेचिस, ग्राम धीरी में कबाड़ी दुकान में बैलगाड़ी का लोहे का 2 चक्का, ग्राम टेडेसरा के कबाड़ी दुकान में 7 नग एल्युमिनियम के एग्जास्ट फैन, ग्राम जोरातराई में कबाड़ी दुकान में बैलगाड़ी फांद बिना चक्का मिला। कबाड़ी दुकान संचालकों को नोटिस देकर दस्तावेज मांगे गए। कोई दस्तावेज पेश न करने पर सामान जप्त किया गया।

इस मामले में सोमनी कबाड़ी दुकान के संचालक दीपक चौबे पिता अश्वनी चौबे (42 साल) निवासी सोमनी पंचायत भवन के पीछे थाना सोमनी, ग्राम धीरी में कबाड़ी दुकान के संचालक घनश्याम नेताम उर्फ बबलू पिता आशाराम नेताम (34 साल) निवासी ग्राम धीरी, टेडेसरा कबाड़ी दुकान के संचालक राजू खान पिता अब्दुल समद (50 साल) निवासी इमाम बाड़ा चौक फरीद नगर वार्ड नंबर 9 थाना सुपेला भिलाई, जोरातराई कबाड़ी दुकान के संचालक हाजी अलताफ हुसैन पिता स्व सादिक हुसैन निवासी पोलसाय पारा लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास दुर्ग के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए तहसील न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

एसपी के सख्त निर्देश

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेण्डर किरो के पर्यवेक्षण में कबाड़ संचालकों के संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने अभियान जारी रहेगा।

निगम की सामान्य सभा खानापूर्ति : पिल्ले

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने नगर निगम की सामान्य सभा को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह सामान्य सभा नगर निगम अधिनियम और नियमों के अनुरूप नहीं है और इसे केवल औपचारिकता निभाने के लिए बुलाया गया है। पिल्ले ने कहा कि नगर निगम में भाजपा की सत्ता स्थापित होने के एक साल बाद पहली बार सामान्य सभा बुलाई जा रही है। इससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इतने अंतराल के बाद भी सामान्य सभा में जनहित से जुड़े किसी भी गंभीर विषय को शामिल नहीं किया गया है। नगर निगम के वार्डो में सफाई, पेयजल और सड़कों की हालत बदतर है, लेकिन इन मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा के लिए एक भी प्रस्ताव नहीं रखा गया है। पार्षद अपने-अपने वार्डो की समस्याएं लेकर बैठे हैं, लेकिन उन्हें बोलने का मौका ही नहीं दिया जा रहा। सामान्य सभा का एजेंडा केवल नामांतरण और टेंडर निकालने तक सीमित है। यह सामान्य सभा एक घंटे में समाप्त हो जाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि स्पष्ट हो गया है कि सामान्य सभा का आयोजन केवल खानापूर्ति के लिए किया गया है। पिल्ले ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्षदों की समस्याओं और वार्डो के मुद्दों से महापौर भाग रहे हैं। यह पार्षदों का अपमान है। जनता की बात नहीं सुनी जाएगी तो सामान्य सभा बुलाने का कोई औचित्य ही नहीं रह जाएगा। सामान्य सभा लोकतंत्र का महत्वपूर्ण मंच होती है लेकिन खानापूर्ति की जा रही है।

114 पंचायतों में चावल महोत्सव और रोजगार दिवस का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत सभी 114 ग्राम पंचायतों में वीबीजीरामजी अंतर्गत चावल महोत्सव और रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का आयोजन किया गया। आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को वीबीजीरामजी और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जानकारी दी जा रही है। योजनाओं से संबंधित जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों द्वारा क्यूआर कोड स्कैन करवाया गया, ताकि ग्रामीण सरलता से शासन की योजनाओं की जानकारी हासिल कर सकें। आवास दिवस के संबंध में स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण आवासों के हितग्राहियों की सूची का वाचन किया गया। वीबीजीरामजी अंतर्गत 90 दिवस की अकुशल मजदूरी के संबंध में हितग्राहीवार चर्चा की गई। चावल उत्सव, रोजगार दिवस और आवास दिवस के आयोजन के दौरान पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बोईरडीह जनपद पंचायत व जिला राजनांदगांव के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा, जनपद सदस्य साकेत वैष्णव सरपंच महेश यादव, रोजगार सहायक बेबी नेताम, सचिव हेमंत साहू और इंजीनियर गोपी चंद ने चावल उत्सव ,रोजगार दिवस और आवास दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी दी।

नगरी क्षेत्र से नाबालिग लापता, पुलिस ने दर्ज किया केस

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के थाना नगरी क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग बालिका के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदीभाटा निवासी ने थाना नगरी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी 16 वर्ष 7 माह की नाबालिग पुत्री 4 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 11 बजे अपनी माता जी के साथ मेला घूमने जाने की बात कहकर घर से निकली थी, जिसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी है।परिजनों द्वारा आसपास के रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां काफी खोजबीन की गई, लेकिन बालिका का कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर उसे कहीं ले जाया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। थाना नगरी पुलिस द्वारा बालिका की तलाश जारी है तथा संभावित स्थानों पर खोजबीन की जा रही है।

गांव के जनप्रतिनिधि मुनेन्द् धुव ने बताया कि बाद दिन शनिवार को लापता लड़की के पिता को थाने बुलाया गया था उसके रात्रि मुनेंद्र धुव के द्वारा इसकी जानकारी लिया टीआई को फोन से बात की पूछताछ को लेकर बात विवाद हो गया जिसको लेकर जनप्रतिनिधि नाराज होकर दूसरे दिनअपने गांव के साथ एवं समाजीकरण के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले थाना प्रभारी के खिलाफ उच्च अधिकारी को कार्यवाही करने की मांग को लेकर थाने के सामने प्रदर्शन की और कार्रवाई की मांग की लेकर गया

थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ लोगों से पता चलता नगरी अंतिम छोर गरियाबंद आप पास पता चला था उसके परिजनों को पहचान को लेकर ले जाया गया था लापता लड़की पिता ले जाया गया था है उसके द्वारा फोन लगाया गया जिसमे उससे बात को लेकर कुछ बता बाती बातें हुई और कुछ बात नहीं है गांव में दो लड़की लपता हुई जिसमे एक लड़की मिला है साथ ही दूसरे की लगातार तलाश जारी है

एसडीओपी विपिन रंगारी ने कहा गांव की ग्रामीण नाबालिक का अपहरण का मामला आया है जिसमे लड़की मिली है उसके बाद थाना उसके परिजनों को ले जाया गया था इसी बात को लेकर मुनेंद्र ध्रुव थाना प्रभारी के बीच बात को लेकर कुछ बातें हुई जानकारी मिली है है जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी

रक्तदान सबसे बड़ा दान : अशवंत तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। अशवंत तुषार साहू के जन्मदिवस पर ग्राम अछोली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तुषार साहू ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। क्योंकि, यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देता है, और विज्ञान के रहते हुए भी इसका कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति का दान किया गया रक्त कई जिंदगियां बचा सकता है और यह न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। क्योंकि, शरीर कुछ ही हफ्तों में रक्त कोशिकाओं को फिर से बना लेता है। यह एक 'यज्ञ' के समान है जो समाज में एकता और सेवाभाव बढ़ाता है।

जस झांकी प्रतियोगिता संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच: ललित

दुर्ग /नवप्रदेश।। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुर्सीडीह व खुरसुल में दो दिवसीय देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर उपस्थित थे। इस दौरान अंचल के ख्याति प्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। महिषासुर वध शुभ निशुंभ वध द्रोपिति चीरहरण कथा प्रसंग की प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आज देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता हमारी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। हम अपनी देवी की महिमा का गायन करते हैं और उनकी झांकी के माध्यम से उनकी कथाओं को प्रदर्शित करते हैं। जस झांकी के माध्यम से अलग-अलग मंडलियां देवी की

महिमा का यशगान करते हैं। हम सभी को अपने जीवन में देवी महिला को आत्मसात कर अज्ञानता, अंधकार नशा रूपी महिषासुर का वध करने की कोशिश करना चाहिए। अपने जीवन सदाचार, सद्गुण को समाहित कर नेक कार्य करें, एक-दूसरे का सुख-दुख में साथ दें, जीवन को स्वावलंबी बनाये। चंद्राकर ने कहा कि आज समाज में व्याप्त नशा रूपी महिषासुर की वध करने की आवश्यकता है। आज चारों तरफनशा रूपी जहर का बोलबाला है। लोग नशा रूपी जहर में पड़ कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। नशा रूपी जहर से उबरने की आवश्यकता है। अपने जीवन में नशा का त्याग करे और खुशहाली की जीवन जिए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव सरपंच गायत्री साहू सागर दुबे, किशोर पटेल, टिकेश्वर यादव, थावेंद्र यादव, मनोज सिन्हा, शैलेन्द्र साहू, गजेंद्र साहू, दीपक साहू देवशरण साहू, बीरेंद्र कुमार दुबे, ओंकार साहू, जनक लाल साहू, परशु राम साहू, उदयराम साहू, बिसनाथ साहू, लोकनाथ साहू, पंचराम साहू, बलदाऊ राम साहू, देवशरण साहू, गणपत जांगड़े, गायत्री साहू, नेहा साहू, कुसुम ठाकुर, तीरथ ठाकुर, गजरा जांगड़े सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202602104300027 /अ-2/वर्ष 2025-26

ग्राम-कुगदा, प.ह.न. 13, तह. भिलाई-03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजीत विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा व अन्य 01 निवासी टाटीबंध रायपुर, द्वारा ग्राम कुगदा प.ह.नं 13, रा.नि.म. कुम्हारी तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 294/70 रकबा 0.0446 हैं भू-राजस्व 0.02 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1. खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 11.02.2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 11.02.2026 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202602104300028 /अ-2/वर्ष 2025-26

ग्राम-कुगदा, प.ह.न. 13, तह. भिलाई-03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद मुगेश पिता अनीश, निवासी - सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम - कुगदा, प.ह.नं 13, रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 267/16 रकबा 0.022 हैं भू-राजस्व 0.10 रूपये को छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विकय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 11.02.2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 11.02.2026 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202602104300030 /अ-2/वर्ष 2025-26

ग्राम-कुगदा, प.ह.न. 13, तह. भिलाई-03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चांदनी कुमारी पति दिनेश कुमार विश्वकर्मा, निवासी नेउरा, थाना बीह्टा, पटना द्वारा ग्राम कुगदा प.ह.नं 13 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 294/71 रकबा 0.0223 हैं भू-राजस्व 0.02 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 11.02.2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 11.02.2026 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202602104300029 /अ-2/वर्ष 2025-26

ग्राम-कुगदा, प.ह.न. 13, तह. भिलाई-03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद रईस पिता मोहम्मद अनीश, निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुगदा प.ह.नं 13 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 267/10 रकबा 0.022 हैं भू-राजस्व 0.20 रूपये को छग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 11.02. 2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 11.02.2026 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला समेत दो की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के आरंग क्षेत्र में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। अमेठी रोड स्थित बजरंग केमिकल कंपनी के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक बुजुर्ग महिला और एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गुल्लू निवासी नन्द कुमार लोधी अपनी मां राजकुमारी लोधी और सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य डोमार सिंह लोधी की मां कुंती बाई लोधी को बाइक पर बैठाकर आरंग में एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।

अध्यात्म विज्ञान सम्मेलन शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। भौतिक उन्नति के साथ ही आध्यात्मिक उन्नति भी जरूरी है। ईश्वर के पास जाने का सीधा सरल माध्यम उसे पहचानना है। यह तभी संभव है जब ध्यान में लीन होकर उसे ढूंढा जाए। मानव जीवन परम सौभाग्य विश्व रूप परमात्मा का प्रतिफल है। सुयोग का लाभ उठाना परम उपलब्धि अर्जित करना मानव जीवन का लक्ष्य है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में ओंकारेश्वर मप्र से छग प्रवास में आए परमपूज्य जगत गुरु स्वामी उमाशंकर चैतन्य ने दी। स्वामी चैतन्य केंद्रीय अध्यात्क विज्ञान शाला आश्रम ओंकारेश्वर के जरिए जनजागरूकता अभियान के तहत मानव मात्र में अध्यात्मक के जरिए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निकले हुए हैं। स्वामी चैतन्य महाराज ने बताया कि उक्त सम्मेलन का आयोजन कृष्णा नगर गली नंबर छह रामनगर रायपुर में सुबह दस बजे से 12 बजे एवं संध्या तीन से साढ़े पांच बजे के मध्य किया गया है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। सम्मेलन का समापन नौ फरवरी को होगा। आध्यात्मिक विषयों में कृतयुग का उषा काल कलयुग की भीषण ग्लानि सतयुग का ऊषा काल औतार्यकार्य की अंतर्स्फूति दिव्य पुरुषार्थ गृहस्थ आश्रम औतार्य कार्य का प्रारंभ महर्षि वेदव्यास की भविष्यवाणी अतमरकंटक की अलौकिक तपसचार्य सहित नर्मदा परिक्रमा भारत भ्रमण के जरिए प्रसंग प्राचार्य कार्य विज्ञान शाला और औकारेंश्वर क्षेत्र की महिमा औतार समाप्ति और सर्वांग्य योग स्मारक स्तंभ सहित अन्य विषयों पर सारगर्भित जानकारी से श्रद्धालुओं को परिचित कराया जा रहा है।

मंत्री राजवाड़े की पहल से 28.19 करोड़ की सड़क परियोजना स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की एक बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन द्वारा बीरपुर 12 मील हनुमान मंदिर (सिलफिली) से कालीघाट महावीरपुर (अंबिकापुर) तक राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के डामरी मजबूतीकरण कार्य के लिए 28.19 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण परियोजना के माध्यम से लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या का समाधान होगा तथा आमजन को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस सड़क विकास कार्य से भटगांव विधानसभा सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, परिवहन और स्थानीय रोजगार के अवसरों को नई गति मिलेगी। साथ ही अंबिकापुर जैसे प्रमुख शहरी केंद्र से संपर्क और अधिक मजबूत होगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुशासन सरकार की प्राथमिकता जनसुविधाओं का विस्तार और संतुलित विकास है। भटगांव विधानसभा के विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

रायपुर में गांजा तस्कर को सात साल की कैद

रायपुर/नवप्रदेश। गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष ह्रष्ठक्कस् न्यायालय रायपुर ने आरोपी विकास देशमुख को 7 साल के कठोर कारावास और 75 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की कोर्ट ने सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू ने बताया कि, 6 दिसंबर 2021 को थाना गुढ़ियारी में पदस्थ उपनिरीक्षक फगुलाल भोई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक महतारी चौक के पास अवैध रूप से गांजा बिक्री के लिए खड़ा है। सूचना को रोजनामचा में दर्ज कर सीएसपी को अवगत कराया गया। निर्देश मिलने के बाद पुलिस टीम ने गवाहों और स्टाफके साथ मौके पर पहुंचकर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास रखे सफेद प्लास्टिक झोले से पॉलिथीन में रखा 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया। तौल, समरस और जब्ती की पूरी कार्रवाई गवाहों के सामने की गई। आरोपी गांजा रखने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जब्त गांजे में से 50-50 ग्राम के दो सैंपल लेकर सीलबंद किया गया और रासायनिक परीक्षण के लिए एफएसएल रायपुर भेजा गया। जांच रिपोर्ट में सैंपल गांजा पाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत अपराध दर्ज किया। जांच पूरी होने के बाद चालान न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की तरफसे पेश साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी माना। विशेष न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि, मादक पदार्थों का अवैध कारोबार समाज के लिए गंभीर खतरा है और ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है।

ओडिशा से गांजा लाकर रायपुर में बेचने की कोशिश, तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ओडिशा से गांजा लाकर रायपुर में बेचने की कोशिश कर रहे एक अंतर्राज्यीय तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के दो साथी पुलिस वाहन को आते देख कार से उतरकर भाग गए। जिनकी तलाश की जा रही है। वहीं, गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) निवासी हिमांशु केशरवानी के रूप में हुई है। दरअसल, न्यू राजेंद्र नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, लालपुर ओवरब्रिज के नीचे कार सवार कुछ आरोपी गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गांजा के साथ दबोच लिया। आरोपी के दो साथी मौके से फरार हो गए।आरोपी हिमांशु केसरवानी के पास से पुलिस ने स्विफ्ट कार और 20.300 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी पर आगे की कार्रवाई पुलिसकर्मी कर रहे है। कालाहांडी से गांजा लाने की बात स्वीकारी पुलिस की पूछताछ में आरोपी हिमांशु केशरवानी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ ओडिशा के कालाहांडी से गांजा लाने, उसे रायपुर और उत्तर प्रदेश में बेचने की बात स्वीकार की है। आरोपी से जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 7 लाख 55 हजार रुपए बताई गई है।

शासन के सहयोग से आत्मनिर्भरता की राह पर दिव्यांग राजेश पटेल

■ व्यावसायिक प्रशिक्षण बना आजीविका और आत्मसम्मान का आधार

रायपुर/नवप्रदेश। दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और राज्य शासन के सहयोग से जीवन की कठिनाइयों को अवसर में बदला जा सकता है।इस सच्चाई को चरितार्थ कर दिखाया है बिलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिरहुला निवासी दिव्यांग राजेश कुमार पटेल ने। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और व्यावसायिक प्रशिक्षण के सहारे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार को स्थायित्व और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान किया है।

राजेश कुमार पटेल ने बिलासपुर स्थित शासकीय आश्रयदत्त कर्मशाला, तिफरा से सत्र 2023-24 में इलेक्ट्रिकल व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस प्रशिक्षण ने न केवल उन्हें तकनीकी दक्षता प्रदान की, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया, जिससे वे अपनी क्षमताओं को पहचानकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सके।

प्रशिक्षण से पूर्व वे एक छोटी पान दुकान के माध्यम से परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, जिससे आय सीमित थी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्होंने अपने घर से ही इलेक्ट्रिकल उपकरण मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया। वर्तमान में वे टेबल फैन, सीलिंग फैन, कूलर, मिक्सर ग्राइंडर, हीटर, टेबल लैम्प, इन्वर्टर सहित विभिन्न घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत कर रहे हैं।इस कार्य से अब उनकी दैनिक आय 500 से 1500 रुपये तक हो रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और परिवार का जीवन स्तर भी बेहतर हुआ है। आत्मनिर्भरता की इस राह ने उन्हें समाज में नई पहचान और आत्मसम्मान दिलाया है।

अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लाभार्थी राजेश कुमार पटेल ने राज्य शासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाओं ने उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर प्रदान किया और आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त किया।

वेस्ट जोन पुलिस की दबिश से 20.300 किलो गांजा समेत अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचा

ओवरब्रिज के नीचे चल रहा था 'नशे का सौदा'

रायपुर/नवप्रदेश। नशे के सौदागरों के लिए रायपुर की धरती अब सुरक्षित नहीं रही। पुलिस कमिश्नरेट के सख्त तेवर और वेस्ट जोन पुलिस की मुस्तैदी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के एक शातिर अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

लालपुर ओवरब्रिज के नीचे, केनाल रोड स्थित कुष्ठरोग अस्पताल के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस ने गांजा की डिलीवरी की फिराक में खड़े तस्करों को घेर लिया। पुलिस को देखते ही दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि चालक सीट पर बैठे तस्कर को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हिमांशु केशरवानी, निवासी प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) बताया।

तलाशी के दौरान स्विफ्ट कार से अलग-अलग पैकेटों में भरा 20.300 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ कि आरोपी ओडिशा के कालाहांडी से गांजा लाकर रायपुर और उत्तर प्रदेश में उसकी सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने न सिर्फ गांजा, बल्कि तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्विफ्ट कार और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए, जिनकी कुल कीमत करीब 7 लाख 55 हजार रुपये आंकी गई है।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला के दिशा-निर्देश और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस उपायुक्त वेस्ट जोन संदीप पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त नवनीत पाटिल की निगरानी में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने यह सटीक और साहसिक कार्रवाई अंजाम दी।

थाना न्यू राजेन्द्र नगर में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 56/26, धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार दोनों आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। साथ ही बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के आधार पर पूरे नशा नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए एंड-टू-एंड जांच और फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन की तैयारी है।

सालों से प्रॉपर्टी टैक्स न देने वालों पर निगम हुआ सख्त

■ 26 बकायादारों की प्रॉपर्टी सील, नल कनेक्शन काटे गए

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम ने वर्षों से लंबित बकाया राशि नहीं चुकाने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई है । डिमांड बिल, डिमांड नोटिस और अंतिम नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं करने पर चार वार्डों के 26 बकायादारों पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 6 बकायादारों का नल कनेक्शन काटा गया। वहीं सीलबंदी की कार्रवाई के बीच 2 बकायादारों ने मौके पर ही पूरा बकाया जमा कर दिया, जबकि 2 अन्य ने आंशिक भुगतान किया। 12 बकायादारों ने 9 फरवरी तक और एक बकायादार ने 15 फरवरी तक पूरा बकाया चुकाने का लिखित

आश्वासन दिया, जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई अस्थायी रूप से स्थगित की गई।

नगर निगम की टीम ने जोन-4 के डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड (64), स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड (44), पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड (34) और सिविल लाइन वार्ड (46) में यह कार्रवाई की। इस दौरान लाखों रुपये के बकाया मामलों में नल विच्छेदन और सीलबंदी की प्रक्रिया अपनाई गई।

केंद्रीय गृहमंत्री के छत्तीसगढ़ दौरे में नक्सल और सुरक्षा मुद्दों पर होगी बड़ी समीक्षा: विजय शर्मा

■ राज्य और केंद्र के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर भी होगी चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़। गृह मंत्री विजय शर्मा ने जानकारी दी है कि देश के गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुँचे हैं। इस दौरान उनका कार्यक्रम सुरक्षा व्यवस्था, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और विकास कार्यों की समीक्षा पर केंद्रित रहेगा।

गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि यह दौरा राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। केंद्रीय गृह मंत्री प्रदेश में कानून-व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और विशेष रूप से नक्सल मोर्चे पर चल रही रणनीतियों की उच्च स्तरीय बैठकें लेंगे। राज्य और केंद्र के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर भी चर्चा होगी।

उन्होंने कहा कि अमित शाह का यह दौरा सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने और जमीनी स्तर पर चल रहे अभियानों की समीक्षा के लिहाज़ से अहम माना जा रहा है। इसके साथ ही विकास और सुरक्षा–दोनों मोर्चों पर संतुलित रणनीति को आगे बढ़ाने पर जोर रहेगा। विजय शर्मा के अनुसार, दौरे के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें प्रस्तावित हैं, जिनमें नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी सुविधाएँ, सड़क, संचार और जनकल्याण योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी। प्रदेश सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को राज्य की सुरक्षा नीति और विकास योजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया है।

सतनामी समाज के युवक–युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए गुरु खुशवंत साहेब

रायपुर/नवप्रदेश। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का रविवार को सारंगढ़ प्रवास रहा, जहाँ केबिनेट मंत्री प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरंतर सतनामी समाज के लिए किए जा रहे सबका साथ सबका विकास के कार्यों, प्रदेश में गुरु घासीदास बाबा के मेला आयोजन के लिए स्वीकृत राशि का अपने संबोधन में जिक्र किया।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सादा जीवन, उच्च विचार के जो संदेश दिए गए हैं जो संस्कृति और संस्कार बताए गए हैं, उसके सादगी विवाह की परम्परा को हमें गर्व के साथ अपनाने की जरूरत है। केबिनेट मंत्री ने कहा कि, जिस प्रकार आज हम दिखावे की ओर आगे बढ़ रहे हैं। दिखावे की शादी में धन का खर्च बहुत ज्यादा है। लड़का ढूंढना है या लड़की ढूंढना है तो हम सब लोगों को कितना परेशानी होती है। आज लोग विवाह को सम्मान और इज्जत के रूप में देखते हैं और मन मुताबिक शादी करते हैं भले ही कर्ज लेना पड़े। दिखावे से थोड़ा उठके हमें सादा विवाह की राह बहुत पहले गुरु घासीदास ने दी है। इसमें किसी प्रकार का खर्च नही है। समाज में एक दूसरे के प्रति प्रेम की भावना स्थापित करें।

किसी प्रकार के कोई कमी नहीं है सिर्फ धार्मिक स्थल की उन्नति और विकास है। सारंगढ़ में प्रतिवर्ष बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इसके लिए राशि स्वीकृत की है जो आजतक चल रही है।

छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर सबसे ज्यादा ठंडा, तापमान 6.3 डिग्री दर्ज किया गया

■ रायपुर–दुर्ग–बिलासपुर में दिन में गर्मी, रात में ठंडी, 2 दिन बाद चढ़ेगा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। प्रदेश के उत्तरी इलाकों में रात के समय अच्छी ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर की बात की जाए तो यहां दिन में गर्मी और रात में ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं अधिकतम तापमान में अगले 7 दिनों तक किसी बदलाव के संकेत नहीं हैं।

आज (8 फरवरी) प्रदेश के कुछ इलाके में घने कोहरे की स्थिति बन सकती है। राजधानी रायपुर में हल्का धुंध छाए रहने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 31एष्ट और न्यूनतम तापमान 15एष्ट के आसपास रह सकता है।

रायपुर के पहलाजानी हॉस्पिटल पर बच्चा बदलने का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पहलाजानी हॉस्पिटल और माता लक्ष्मी नर्सिंग होम प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है। साल 2023 में हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर बच्चा बदलने का आरोप लगा था। पीड़ित परिजनों की शिकायत के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। जहां स्ष्ट के निर्देश पर एफआईआर हुई है।

जानकारी के मुताबिक, परिजनों ने आरोप लगाया कि बिना जानकारी गर्भवती मां को ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। प्रसव के बाद जुड़वा बच्चे हुए। जब बच्चा दिखाया तो वह अलग दिख रहे थे। बच्चों की अदला बदली का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गया। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के बचेली निवासी अशोक कुमार सिंह और उनकी पत्नी उषा सिंह साल 2022 में संतान प्राप्ति के लिए रायपुर के अनुपम नगर स्थित माता लक्ष्मी नर्सिंग होम पहुंचे थे। यहां संचालित पहलाजनी टेस्ट ट्यूब बेबी एंड सरोगेसी सेंटर में डॉक्टरों ने आईवीएफ प्रक्रिया के जरिए संतान होने का आश्वासन दिया।

अक्टूबर 2022 में पहली बार आईवीएफप्रक्रिया की गई, जिसमें उषा सिंह गर्भवती हुईं, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से दिसंबर 2022 में गर्भपात कराना पड़ा। इसके बाद अप्रैल 2023 में दोबारा आईवीएफ प्रक्रिया कराई गई। जांच में गर्भ में जुड़वा बच्चों की पुष्टि हुई।

बिना जानकारी ऑपरेशन थियेटर में ले जाने का आरोप–25 दिसंबर 2023 को बिना परिजनों की पूर्व जानकारी के उषा सिंह को ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया। डिलीवरी के बाद उषा सिंह ने परिजनों को बताया कि ऑपरेशन थिएटर में उन्होंने एक लड़का और एक लड़की को जन्म दिया है, लेकिन कुछ समय बाद जो नवजात सौंपे गए, वे अलग प्रतीत हुए। परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्चों की अदला-बदली की गई है। इस पर प्रबंधन और इलाज कर रहे डॉ. नीरज पहलाजनी व डॉ. समीर पहलाजनी ने इसे गलतफहमी बताया। संदेह गहराने पर अशोक कुमार सिंह ने निजी एजेंसी से डीएनए जांच कराई।

रायपुर प्रेस क्लब की इंटर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में पत्रकार खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

खेल मड़ई बना स्वास्थ्य और सौहार्द का मंच: लक्ष्मी राजवाड़े

मंत्री ने खिलाड़ियों से की मुलाकात

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मैदान में पहुंचकर प्रतियोगिता में भाग ले रहे पत्रकार खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सहयोग, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा को मजबूत करते हैं।इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, सहसचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े, खेल आयोजन समिति के संयोजक विजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। पत्रकारों की व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खेलों के प्रति उनका उत्साह सराहनीय है। उन्होंने रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित खेल मड़ई को प्रेरणादायक पहल बताते हुए सभी आयोजकों और प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं। रायपुर प्रेस क्लब द्वारा स्वर्गीय कुलदीप निगम की स्मृति में खेल मड़ई के अंतर्गत नेताजी सुभाष स्टेडियम, रायपुर में इंटर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पत्रकार जगत की विभिन्न टीमों के बीच उत्साहपूर्ण और रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को उनकी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर खेलों से जोड़ना, आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

बीज निगम में सचिव बनाने युवक से ठगे 5 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में बीज निगम में सचिव बनाने का झांसा देकर महिला ठग और उसके परीचित ने युवक से 5 लाख की ठगी की है। पीड़ित को नौकरी नहीं मिली और आरोपियों ने पैसा वापस नहीं किया, तो तेलीबांधा थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत पर पुलिस ने ठगों के खिलाफकेस दर्ज किया है।

पीड़ित का नाम सुमित महिलांगे, आरोपी महिला का नाम राधा कश्यप और उसके पाटर्नर का नाम निशिकांत बेदालकर बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमेरिका ने जारी की वॉस्ट ऑफ द वॉस्ट सूची, खूंखार अपराधियों की लिस्ट में 89 भारतीय शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका में अवैध प्रवासियों के खिलाफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत एक चौंकाने वाला और बेहद सख्त कदम उठाया गया है।

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने देश में मौजूद सबसे खतरनाक अवैध प्रवासियों की एक सूची जारी की है, जिसे ङ्खशह्म्ह्यह शद्ध ह्लद्धद्ग ङ्खशह्म्ह्यह यानी 'सबसे बुरे में भी सबसे बुरा' नाम दिया गया है। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि इस लिस्ट में 89 भारतीय मूल के लोगों के नाम भी शामिल हैं। यह सूची ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रवासियों पर की जा रही अब तक की सबसे कठोर कार्रवाई का हिस्सा मानी जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान ही अवैध आव्रजन पर सख्त रुख अपनाने का वादा किया था, जिसे अब वे अमलीजामा पहना रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन उन्होंने दक्षिणी सीमा पर 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित कर सेना की तैनाती बढ़ा दी थी। ष्ठ॥स् ने अपने बयान में स्पष्ट किया है कि अभी जारी की गई सूची महज एक 'स्नैपशॉट' यानी झांकी है। प्रशासन के दौरान पकड़े गए अपराधियों की वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। विभाग ने कड़े शब्दों में कहा है कि वे तब तक नहीं रुकेंगे जब तक ऐसे हर व्यक्ति को देश से बाहर नहीं निकाल दिया जाता, क्योंकि अमेरिकी नागरिकों को उन लोगों से पीड़ित नहीं होना चाहिए जिन्हें यहां रहने का कोई कानूनी हक नहीं है। ट्रंप प्रशासन की इस सख्ती

पर अमेरिका की घरेलू राजनीति भी गरमा गई है। कई राज्यों में इमिग्रेशन छापों के दौरान हिंसक घटनाएं सामने आने के बाद डेमोक्रेट सांसदों ने मोर्चा खोल दिया है। अमेरिकी संसद में डेमोक्रेट्स ने विरोध जताते हुए ष्ठ॥स् की फंडिंग रोक दी है। विपक्ष की मांग है कि छापेमारी करने वाले फेडरल एजेंट और ढ्ढष्टश्व अधिकारी अपनी बॉडी पर कैमरा पहनें, अपनी आईडी स्पष्ट रूप से दिखाएं और मास्क न पहनें ताकि उनकी पहचान हो सके।

वेबसाइट पर डाला गया पूरा कच्चा चिट्ठा

डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने पारदर्शिता और जनसुरक्षा के नाम पर एक सार्वजनिक डेटाबेस WOW.DHS.GOV लॉन्च किया है। इस वेबसाइट पर करीब 25,000 ऐसे 'क्रिमिनल इल्लीगल एलियंस' का ब्योरा दिया गया है, जिन्हें हत्या, यौन शोषण और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में दोषी पाया गया है। विभाग ने इन अपराधियों के नाम, उनकी तस्वीरें, उनकी राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की पूरी जानकारी सार्वजनिक कर दी है। इस लिस्ट में भारतीय मूल के अमनदीप मुल्तानी और हरजिंदर सिंह जैसे नाम प्रमुखता से शामिल हैं, जिन पर ड्रग्स की तस्करी जैसे गंभीर आरोप हैं। विभाग का कहना है कि अमेरिकी नागरिक यह देख सकें कि किन लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है और उन्होंने समाज को कैसे नुकसान पहुंचाया है।

न्यूज गैलरी

ट्रेनिंग पर निकले एयरक्राफ्ट की क्रैश लैंडिंग

नई दिल्ली। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में एक प्राइवेट एयरक्राफ्ट की क्रैश लैंडिंग हुई। जानकारी के मुताबिक यह एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग के लिए उड़ा था, तभी क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट एक खुले खेत में उतरा। इसमें सवार, ट्रेनर और इंस्ट्रक्टर बाल-बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक यह छोटा विमान, सेसना 172 था। अधिकारियों के मुताबिक विमान को बेलगावी एयरपोर्ट से करीब 100 किमी पूरब, बगलकोट के खेतों में फोर्स लैंडिंग करनी पड़ी। इस छोटे विमान में इंट्रक्टर और ट्रेनर सवार थे। लैंडिंग से ऐन पहले दोनों सफलतापूर्वक विमान से निकलने में कामयाब रहे थे। हालांकि दोनों को चोटें आई हैं और उन्हें तत्काल अस्पताल के लिए रवाना किया गया। बताया जाता है कि यह विमान कलबुर्गी से बेलागावी जा रहा था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि टू-सीटर एयरक्राफ्ट रेडबर्ड एविएशन कंपनी का था। हादसे के बाद एयरक्राफ्ट के टुकड़े-टुकड़े हो गए। एक नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि रेडबर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग अकादमी लिमिटेड के सेसना 172 विमान, VT-EUC (MSN-17265717), ने बेलगावी हवाई अड्डे से 100 किमी पूर्व बागलकोट के पास एक खेत में फोर्स लैंडिंग की। सूचना है कि प्रशिक्षक और कैडेट दोनों सुरक्षित हैं।

जैसलमेर में चलती ट्रेन में लगी आग, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में रविवार को एक चलती ट्रेन में आग लग गई, जिससे चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और आग पर काबू पा लिया गया है। दरअसल, स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस के एक कोच के नीचे आग लग गई, जो दिल्ली से जैसलमेर जा रही थी। यह घटना जैसलमेर के जेठा चंदन रेलवे स्टेशन के पास हुई। एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही लोको पायलट को खतरा महसूस हुआ, उसने समझदारी दिखाते हुए तुरंत ट्रेन को एक सुरक्षित जगह पर रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जैसे ही ट्रेन रुकी, रेलवे स्टाफ ने तुरंत आग बुझाना शुरू कर दिया। फायर एक्सटिंग्विशर और दूसरे उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करके, स्टाफ ने कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। ट्रेन में सवार यात्रियों को कुछ समय के लिए घबराहट हुई।अधिकारियों ने आगे बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

सूरजकुंड हादसा: झूला लगाने वाली कंपनी पर एक्शन, मालिक समेत दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला परिसर में 7 फरवरी को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस हादसे में एक झूला टूट गया था, जिसमें लोगों को बचाते समय हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद की जान चली गई थी.

पुलिस के अनुसार झूला लगाने वाली कंपनी हिमाचल केयर फन केयर के मालिक मोहम्मद शाकिर को गिरफ्तार किया गया है. वह हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गांव टोका नंगला का रहने वाला है. टूटे हुए झूले का मालिक भी वही बताया गया है और उसका नाम एफआईआर में दर्ज है. पुलिस ने एक अन्य आरोपी नितेश, निवासी धर्मपुरी सदर मेरठ कैंट, उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार किया है. अन्य लोगों की भूमिका की जांच जारी है.

गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज

थाना सूरजकुंड में इस मामले में कंपनी के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर के खिलाफगैर इरादतन हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है. कार्रवाई पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल की निगरानी में की जा रही है.

शहीद निरीक्षक जगदीश प्रसाद को श्रद्धांजलि: हादसे के बाद शहीद निरीक्षक जगदीश प्रसाद का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस महानिदेशक अजय सिंगला और पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने सिविल अस्पताल फरीदाबाद पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की. पुलिस महानिदेशक ने कहा कि निरीक्षक जगदीश प्रसाद ने घायलों को बचाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए. विभाग को उन पर गर्व है।

अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव कार्यालय से पोस्ट के साथ जारी किया भारत का नक्शा

अमेरिका ने पीओके को माना भारत का हिस्सा, पाक की दुखती रग पर रखा हाथ

न्यूयॉर्क। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम ट्रेड समझौते को लेकर सहमति बन गई है और दोनों देशों की ओर से आधिकारिक बयान भी जारी किए गए हैं। इस बीच इस घटनाक्रम से पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है।

अमेरिका ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा दर्शाया है, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी शामिल है। दरअसल, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव के कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक पोस्ट के साथ भारत का नक्शा साझा किया गया है। इस नक्शे में पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत का हिस्सा दिखाया गया है। खास बात यह है कि इसमें पीओके को भी भारत के हिस्से के रूप में दर्शाया गया है और किसी तरह का अलग सीमांकन नहीं किया गया है। अमेरिकी ट्रेड डिपार्टमेंट



की ओर से जारी इस नक्शे में न तो लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) दिखाई गई है और न ही किसी क्षेत्र को विवादित बताया गया है। पूरा जम्मू-कश्मीर स्पष्ट रूप से भारत का हिस्सा दर्शाया गया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (स्ञ्जक्र) ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के अंतरिम फ्रेमवर्क को लेकर एक पोस्ट जारी किया था। इस पोस्ट में बताया गया कि इस समझौते से अमेरिकी उत्पादों के लिए भारत में नए बाजार खुलेंगे। इनमें ट्री नट्स, सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन, लाल ज्वार, ताजे और प्रोसेस्ड फल जैसे उत्पाद शामिल हैं।स्ञ्जक्र की ओर से कहा गया, ट्री नट्स और सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन से लेकर लाल ज्वार और ताजे व प्रोसेस्ड फलों तक, अमेरिका-भारत समझौता अमेरिकी उत्पादों को नए बाजार तक पहुंच प्रदान करेगा। हालांकि, इस पोस्ट के साथ जारी नक्शे ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी चर्चा शुरू हो गई है।

7 राज्यों में डेंस फॉग का अलर्ट!

नई दिल्ली। देश के कुछ राज्यों में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने वाला है. फरवरी के पहले हफ्ते में भी कुछ हिस्सों में ठंड और घना कोहरा लोगों के लिए परेशानी का सबब बना रहा. आने वाले दिनों में भी कई इलाकों में कोहरे की चादर छाई रहने की संभावना है.

मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में न्यूनतम तापमान 0 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है. वहीं पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, छत्तीसगढ़ और बिहार में पारा 5 से 10 डिग्री सेल्सियस तक रहा.

यह भी पढ़ें: दिल्ली वालों चुभती गर्मी के लिए हो जाएं तैयार, मौसम ने लिया यूटर्न! मुंबई तक असर

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 8 और 11 फरवरी को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है. इन 3 राज्यों में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है. खासकर 10 फरवरी को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में गरज-चमक, बिजली गिरने और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटा) के साथ बड़े इलाकों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है.

इसके अलावा IMD के अनुसार 7 राज्यों में घना कोहरा छाया रह सकता है. 10 फरवरी तक उत्तर प्रदेश में सुबह और रात के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है. उत्तराखंड, उत्तरी तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश, बिहार, असम और मेघालय में भी घना कोहरा देखने को मिल सकता है.

सिर्फ 'नीच' कहने से नहीं लगेगा एससी-एसटी एक्ट

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति को महज 'नीच' जैसे सामान्य अपमानजनक शब्द कह देने से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम यानी स्ष्ट/स्ञ्ज एक्ट अपने आप लागू नहीं होता। जस्टिस वीरेन्द्र कुमार की पीठ ने यह व्यवस्था देते हुए कहा कि इस एक्ट के तहत मामला तभी बनता है, जब यह साबित हो जाए कि अपमान विशेष रूप से जाति के आधार पर किया गया

था और आरोपी को पीड़ित की जाति की पूर्व जानकारी थी।

क्या था 2011 का आईआईटी जोधपुर विवाद

इस मामले की जड़ें वर्ष 2011 से जुड़ी हैं। घटना उस समय की है जब आईआईटी जोधपुर से जुड़े एक विवाद में सरकारी अधिकारी अतिक्रमण की जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों की कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध के दौरान प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों के लिए 'नीच' और 'भिखारी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। इसे जातिगत अपमान मानते हुए अधिकारियों ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी।

आंतकवाद पर दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता भी नहीं

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की और फिर संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सामने बयान दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मलेशिया भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है और दोनों देशों की सभ्यताएं सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभार जताया और बताया कि 2026 की अपनी पहली विदेश यात्रा में वे मलेशिया आए हैं। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतङ्कमलेशिया संबंधों में नई गति और गहराई आई है।

दोनों देशों के बीच ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक, आईटी, पर्यटन और पीपल-टू-पीपल कनेक्शन में सहयोग मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहयोग, काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मेरिटाइम सुरक्षा में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में साझेदारी को और बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि सीईओ फोरम के माध्यम से नए व्यापार और निवेश अवसर उत्पन्न हुए हैं और यह साझेदारी भारत-मलेशिया के बीच रणनीतिक विश्वास पर आधारित आर्थिक बदलाव को गति देगी। पीएम मोदी ने भारतीय प्रवासियों से मुलाकात को भी याद किया और कहा कि लगभग 30 लाख भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच लिविंग ब्रिज का काम कर रहे हैं।

अवैध रूप से रह रहे 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार, डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू

मुंबई। मुंबई पुलिस की कुरार इकाई को अवैध रूप से भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मलाड पूर्व के पठानवाड़ी इलाके में छापेमारी कर चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये सभी बांग्लादेशी नागरिक लंबे समय से फर्जी पहचान के सहारे यहां रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, कुरार पुलिस स्टेशन के एटीसी (एंटी-टेरर सेल) अधिकारी को सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक मलाड ईस्ट के पठानवाड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे हैं और नकली दस्तावेजों के आधार पर स्थानीय पहचान बनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर कुरार पुलिस और एटीसी टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए 2 से 6 फरवरी के बीच इलाके में कई स्थानों पर छापेमारी की।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब

दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर है - पीएम

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर मलेशिया पहुंचे। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, मैं अपने प्यारे दोस्त प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को इस समुदाय के समारोह में शामिल होने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं उन्हें अभी अपनी स्पीच में इस बड़े लेवल और भविष्य में भारत-मलेशिया की दोस्ती के बारे में कही गई उनकी बहुत अच्छी बातों के लिए भी धन्यवाद देता हूं। इतना ही नहीं, वह मेरा स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट आए, और वह मुझे अपनी कार में यहां लाए। यह बेहद खास था, भारत और आप सबके लिए उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है।

आईपीओ लाने की तैयारी कर रही एनएसई ने जारी किए नतीजे

नई दिल्ली। इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए , जिसमें कंपनी ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 37 प्रतिशत कम होकर 2,408 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 25 की समान अवधि में 3,834 करोड़ रुपए था। तिमाही-दर-तिमाही कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़ा है, जो कि सितंबर तिमाही में 2,098 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार 9 प्रतिशत कम होकर 4,395 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 4,807 करोड़ रुपए थी। हालांकि, कंपनी की आय तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 6 प्रतिशत बढ़ी है।

मैगी के भारत में 50 साल पूरे करने पर जारी स्मारक डाक टिकट

50 साल एक राष्ट्र मैगी के अनगिनत 'साथ होने के पल' अब आधिकारिक तौर पर प्रमाणित

रायपुर/नवप्रदेश। नेस्ले इंडिया ने भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष उपलब्धि का जश्न मनाते हुए एक स्मारक डाक टिकट जारी किया।

इस डाक टिकट का अनावरण नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनीष तिवारी ने भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान की उपस्थिति में किया। यह डाक टिकट मैगी की उस विकास यात्रा को समर्पित है, जिसमें ब्रांड ने समय से आगे रहते हुए एक अत्यंत लोकप्रिय श्रेणी के

पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई और पीढ़ियों से लोगों को एक साथ लाने का कार्य निरंतर किया। पिछले पाँच दशकों में मैगी ने नूडल्स और मसालों से लेकर सॉस, सूप और रेडी-टू-कुक पसंदीदा उत्पादों तक, कई स्वादिष्ट रूपों में भारतीय घरों में अपनी जगह बनाई है। झटपट बने अकेले भोजन से लेकर परिवार को एक साथ लाने वाले व्यंजनों तक, और हॉस्टल की रसोइयों से लेकर बड़े पारिवारिक आयोजनों तक, मैगी देश भर में अनगिनत भोजन पलों का हिस्सा रही है। '50 ईयर्स ऑफ़ टुगेदरनेस' डाक टिकट इन साझा अनुभवों को समर्पित एक श्रद्धांजलि है, जो उस अपनापन, सुकून और जुड़ाव को दर्शाता है, जिसे मैगी आज भी भारत भर की थालियों तक पहुँचाती है। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान ने कहा, 'भारत का प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र पिछले कई दशकों में घरेलू उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित करने में उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है। अग्रणी ब्रांड्स ने नई श्रेणियों का निर्माण किया है और हमारे खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाया है। इस उल्लेखनीय यात्रा का हिस्सा बनते हुए 50 वर्ष पूरे करने पर मैं मैगी को बधाई देता हूँ। डाक टिकट के शुभारंभ की घोषणा करते हुए, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनीष तिवारी ने कहा, 'भारत में मैगी के लिए यह वास्तव में एक विशेष उपलब्धि है। हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण देश में पाँच दशकों का सफर तय करना उस विश्वास, स्नेह और रोज़मर्रा के प्रेम का प्रतीक है, जो लाखों उपभोक्ताओं ने इस ब्रांड पर निरंतर बरसाया है। यह उन साझा पलों, बदलते स्वादों और उस रिश्ते का उत्सव है, जो वर्ष दर वर्ष और पीढ़ी दर पीढ़ी और भी मजबूत होता गया है। नेस्ले इंडिया इस जुड़ाव को और देशभर में लोगों के दैनिक जीवन में गर्माहट, सुकून और साथ होने के पलों में निरंतर योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पस्त हो जाएंगे चीन और पाकिस्तान, 114 राफेल विमान खरीदने की तैयारी में भारत

नई दिल्ली। भारत वायुसेना की ताकत बढ़ाने पर लगातार काम कर रहा है। अत्याधुनिक राफेल विमान पहले से ही वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। वहीं अब 114 राफेल विमानों की खरीद की प्रक्रिया तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक होने वाली है। इस बैठक में 3.25 लाख करोड़ की कीमत में 114 राफेल विमानों की खरीद पर मुहर लग सकती है।

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत अपने डिफेंस सेक्टर को तेजी से मजबूत कर रहा है। 18 से 20 फरवरी तक भारत में एआई समिट होने जा रही है जिसमें इमैनुएल मैक्रों भी शामिल होंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट में 18 विमान फ्लाई अवे कंडीशन में खरीदे जाएंगे। वहीं 60 फीसदी तक विमान भारत में बनाए जाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत 88 सिंगल सीटर और 26 ट्विन सीटर विमान खरीदे जा सकते हैं। इनमें से ज्यादातर भारत में ही निर्मित होंगे। दसॉ और भारतीय प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां मिलकर विमान बनाएंगी। पिछले महीने ही यह प्रोजेक्ट रक्षा खरीद बोर्ड की तरफ से मंजूर हो गया था। अब अगल स्तर पर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलनी है। इसके बाद तकनीकी और वाणिज्यिक स्तर पर औपचारिक बातचीत शुरू हो जाएगी। मैक्रों के भारत दौरे के दौरान ही इस प्रोजेक्ट को फाइनल शेप दिया जा सकता है।

बढ़ा दिया गया है रक्षा बजट: बता दें कि इस वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय के लिए 7.85 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है जो कि पिछले साल से 15 प्रतिशत अधिक है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आये इस पहले बजट में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की रक्षा तैयारियों को तेजी से आगे बढाने और सेनाओं के आधुनिकीकरण पर पूरा जोर दिया गया है।

नवोत्थान और विकसित भारत-2047 के विजन का सशक्त दस्तावेज है केंद्रीय बजट : मनोहर लाल

■ केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने केन्द्रीय बजट को नवोत्थान और समावेशी विकास का वाहक बताते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत-2047 के दीर्घकालिक विजन को साकार करने वाला एक सशक्त दस्तावेज है। वे राजधानी रायपुर में एक दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री लाल ने कहा कि इस बजट में अगले 25 वर्षों के लिए देश के आर्थिक, सामाजिक एवं बुनियादी ढांचे के विकास की स्पष्ट दिशा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि यह बजट पहली बार कर्तव्य भवन में तैयार किया गया है, जो शासन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। बजट में 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को भी सम्मिलित किया गया है, जिससे आगामी वर्षों में राज्यों के विकास को नई गति मिलेगी।

श्री मनोहर लाल ने विश्वास जताया कि बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन से बिजली, आवास, शहरी विकास एवं अधोसंरचना क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

प्रेस वार्ता में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्री संतोष पाण्डेय एवं श्री बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि आज, जुटेंगे बड़ी संख्या में लोग

राजिम/नवप्रदेश। स्वामी अमृतानंद संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि 9 फरवरी दिन सोमवार को मनाई जाएगी। इस मौके पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। स्वामी अमृतानंद (पवन दीवान) स्मृति छत्तीसगढ़ ब्रह्मचर्य आश्रम न्यास समिति राजिम के

अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, सचिव अनिल तिवारी, सहसचिव संदीप तिवारी, सदस्य राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास, केके पुराणिक, लोकेश पांडे, युवराज शर्मा, केके शर्मा, विकास तिवारी, दिनेश शर्मा ने बताया कि आश्रम में दीवान जी को श्रद्धा सुमन अर्पित की जाएगी। श्री राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट के मैनेजर पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि इस मौके पर चरण पादुका पूजन तथा संस्कृत विद्यापीठ के छात्रों के द्वारा मंत्रोचार किया जाएगा और भोजन प्रसादी प्रदान की जाएगी। बताना होगा कि छत्तीसगढ़ के गांधी संत कवि पवन दीवान छत्तीसगढ़ के एक प्रख्यात संत कवि और राजनेता थे जिन्हें छत्तीसगढ़ का गांधी भी कहा जाता है वह छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के प्रमुख नेता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के मुखर पैरोकार थे, जिन्होंने अंबर का आशीष जैसी कृतियों रची। डॉ रमन सिंह सरकार में वह छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं।

जिले में अवैध रेत उत्खनन पर लगातार कार्रवाई, चैन माउंटेन मशीन जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी श्री फगुलाल नागेश के मार्गदर्शन में खनिज अमले द्वारा ग्राम पीढ़ी (महानदी तट) क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए एक चैन माउंटेड मशीन को पकड़ा गया। मौके पर मौजूद मशीन चालक को तुमगांव थाना पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दो दिनों से पीढ़ी क्षेत्र से अवैध रूप से रेत का परिवहन रायपुर जिले के करमंडी खदान की ओर रैम्प मार्ग के माध्यम से किया जा रहा था। यह गतिविधि रात्रि के समय की जाती थी। खनिज अमले द्वारा पूर्व में सूचना के आधार पर निगरानी रखी जा रही थी। जैसे ही मशीन महासमुंद की ओर बढ़ी, टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उसे रोक लिया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जब्त मशीन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में कहीं भी अवैध खनन एवं परिवहन पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बुजुर्ग पड़ोसी ने मासूम बच्ची पर किया कुल्हाड़ी से हमला, अस्पताल में भर्ती

भिलाई/नवप्रदेश। 70 साल के बुजुर्ग ने ढाई साल के बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बुजुर्ग पड़ोसी ने घर के अंदर खेलने से मना किया था, नहीं मनाने पर उसने हमला कर दिया। बच्चा की हालत गंभीर है। जिसे इलाज के लिए भर्ती किया गया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग परदेसी देवांगन ग्राम जोरातराई का रहने वाला है। शनिवार को ढाई साल का बच्चा बुजुर्ग के घर के अंदर खेल रहा था। ऐसे में उसने मना किया, लेकिन बच्चा नहीं माना। जिससे नाराज होकर बुजुर्ग से कुल्हाड़ी से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद परिजन बच्चे को तुरंत इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, मासूम की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। घटना से परिवार में भारी आक्रोश है। सूचना मिलते ही उतई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग परदेसी देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने गुस्से में आकर यह हमला किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफसंबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

एसपी के निर्देश पर नशे के विरुद्ध सख्त अभियान, तीन थाना क्षेत्रों में कार्यवाही

धमतरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धमतरी पुलिस ने थाना सिटी कोतवाली, थाना मगरलोड एवं थाना केरेगांव क्षेत्रों में तीन अलग-अलग मामलों में प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर मादक पदार्थ सेवन, अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री के मामलों में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कुल 12.20 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब एवं मादक पदार्थ जप्त किए, वहीं सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन पारा स्थित निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक के पास एक युवक को सार्वजनिक स्थान पर गांजा जैसे मादक पदार्थ का सेवन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 5.3 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ, नगद राशि, मोबाइल फोन एवं सेवन में प्रयुक्त सामग्री जप्त की गई। आरोपी मनीष कोर्राम (22 वर्ष), पिता धीरन कोर्राम, निवासी स्टेशन पारा, थाना सिटी कोतवाली, जिला धमतरी के विरुद्ध धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसी क्रम में थाना मगरलोड पुलिस द्वारा देहात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम जामली के पास विजयपुरङ्कजामली कच्चे रास्ते पर बिना नंबर की हीरो होंडा स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल को रोका गया।

कृषि भूमि की मिट्टी से लेकर बाल श्रम तक, हर नियम की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

अवैध ईंट-भट्ठों की मनमानी

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले में ग्राम पंचायत खांडा ,मुरमा ,पटना व कुड़ेली क्षेत्र में संचालित ईंट-भट्ठों पर नियम-कानून पूरी तरह से बेमानी साबित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार यहां कृषि भूमि की उपजाऊ मिट्टी का अवैध उपयोग, शासकीय जमीन से मिट्टी की चोरी, प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी और श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन धड़ल्ले से किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि खेतों की ऊपरी उपजाऊ परत (टॉप सॉयल) को निकालकर ईंट निर्माण में उपयोग किया जा रहा है। इससे किसानों की जमीन बंजर होती जा रही है और भविष्य में कृषि उत्पादन पर गहरा संकट खड़ा हो सकता है। इतना ही नहीं, कई स्थानों पर शासकीय भूमि, चारागाह और तालाब किनारे से मिट्टी निकालने की भी शिकायतें सामने आई हैं, जो सीधे-सीधे खनिज अधिनियम और राजस्व नियमों का उल्लंघन है।

भट्ठा संचालन में जिग-जैग तकनीक का पालन अनिवार्य होने के बावजूद अधिकांश भट्ठे आज भी पुरानी सीधी लाइन पद्धति से चलाए जा रहे हैं। इसके कारण भारी मात्रा में धुआं निकलता है, जिससे वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय चोरी-छिपे भट्ठे जलाए जाते हैं, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। इसका सीधा असर आसपास के गांवों, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। पर्यावरण नियमों के तहत प्रत्येक ईंट-भट्ठा संचालक को प्रतिवर्ष कम से कम 200 पौधे लगाना अनिवार्य है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि एक भी पौधा नहीं लगाया जाता। न कोई हरित पट्टी विकसित की गई है और न ही प्रदूषण नियंत्रण के अन्य उपाय अपनाए गए हैं। इससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है और गांवों में धूल, राख व धुएं का स्थायी संकट बना हुआ है। श्रम कानूनों की स्थिति और भी चिंताजनक है। बाल श्रम पूरी तरह प्रतिबंधित होने के बावजूद भट्ठों पर नाबालिग बच्चों से काम कराए जाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, वयस्क श्रमिकों को भी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा। मजदूरों के लिए पीने का साफ पानी, शौचालय, प्राथमिक उपचार और रहने की उचित व्यवस्था जैसे बुनियादी अधिकार भी नदारद हैं। इससे श्रमिकों का शोषण खुलेआम हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद खनिज विभाग, श्रम विभाग और पर्यावरण विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं ÷मलाई-मिठाई÷ का खेल चल रहा है, जिसके चलते अवैध भट्ठों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में ईमानदार है, तो संयुक्त जांच कर अवैध भट्ठों को तत्काल सील किया जाए।

जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध मिट्टी उत्खनन, बाल श्रम, प्रदूषण और पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के मामलों में दोषी भट्ठा संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी तंत्र विकसित किया जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

अटल घाट के तल पर मिट्टी की मोटी परत, कैसे स्नान करें श्रद्धालु

राजिम/नवप्रदेश। कुंभ कल्प मेला को आठ दिन गुजर गए, लेकिन अभी तक अटल घाट में मौजूद मिट्टी को हटाया नहीं गया है। वैसे त्रिवेणी संगम में अलग-अलग घाट शासन प्रशासन के द्वारा निर्मित किया गया है। इनमें से शाही स्नान घाट, गंगा आरती घाट तथा अटल घाट प्रमुख है।

अटल घाट जो नाले आकार का बना हुआ है। मुख्य धार से नदी के किनारे होते हुए इंटकवेल से होकर महानदी एनीकेट में जाकर मिल रही है। प्रत्येक वर्ष इस स्थान पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करते रहे हैं परंतु इस बार कहीं-कहीं पर ही स्नान कर रहे हैं क्योंकि नाले आकार के इस अटल घाट के तल पर मिट्टी की मोटी परत जमी है। धार मध्यम गति से चल रहा है, किनारे पर रेत की बोरी लगाकर व्यवस्थित किया है। बोरी से आगे बढ़े तो मिट्टी ही नजर आ रही है और तो और कई जगह तो मिट्टी सड़ने की वजह से बदबू भी दे रही है।

इस तरह की दशा को देखकर श्रद्धालु अचंभित हो गये है उनका स्पष्ट कहना है कि पूरा नदी क्षेत्र स्वच्छ होना चाहिए लेकिन यहां तो गंदगी का आलम है। 15 दिन के लिए होने वाले मेले में भी इस तरह की स्थितियां निर्मित हो रही है बड़े शर्म की बात है। उल्लेखनीय है कि यहां तीन नदियों का संगम है सोंढ़ूर, पैरी एवं महानदी मिलकर त्रिवेणी संगम कहलाती है। यहां लोग अस्थि विसर्जन, स्नान, दान एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए उपस्थित होते हैं। जिस तरह से गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कावेरी, शिप्रा, ताप्ती इत्यादि नदियों को पवित्र माना गया है इसी तरह से राजिम के त्रिवेणी संगम का महत्व है।

एनीकेट के नीचे भी गंदगी का आलम देखने को मिला। वहीं सोनतीर्थ घाट में कपड़े, कागज के टुकड़े, रैपर, पॉलिथीन इस कदर पड़े हुए हैं कि पूरा प्रदूषण फैला रहे हैं। अक्सर इस घाट में अस्थि विसर्जन करने के लिए देशभर से लोग पहुंचते हैं इसे तो प्रतिदिन साफ-सफाई करना चाहिए लेकिन इधर कोई झांकने वाला नहीं है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबंध में जल संसाधन विभाग के एसडीओ संतोष चंदेल से बात करने पर उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि इसे रायपुर वालों ने बनाया है।

फर्शी पत्थर की टूटी सड़क पर चलने की मजबूरी

नदी में रेत की सड़क बनाई गई है तथा उसी में फर्शी पत्थर बिछा दिया गया है। गंगा आरती घाट से लेकर कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर से होते हुए लोमस ऋषि आश्रम तथा मंदिर के गोलाकार से आगे नवापारा के नेहरू घाट तक बिछाया गया है। कई जगह यह पत्थर टूटे पड़े हुए हैं परंतु इन्हें व्यवस्थित किसी ने नहीं किया है। कुंभ मेला को 8 दिन बीत गए और तो और टूटे हुए पत्थर से मेलार्थी चोटिल भी हो रहे हैं। रायपुर से एक परिवार मेला घूमने के लिए आए थे। वह सभी कल नदी में घूम रहे थे उनका ध्यान दुकान या फिर अन्य दृश्य की तरफथी अचानक एक 12 वर्षीय बालिका के पैर इसी टूटे हुए पत्थर से लग गए, खून बहने लगा। उनके परिवार के लोगों ने जहां पर खून बह रहे था उसे दबा कर रखे हुए थे और उस पर कपड़ा बांधे तथा अस्पताल की तरफले गए।

राजिम कुंभ कल्प के सातवें दिन भक्ति और संस्कृति से सराबोर रहा मुख्य मंच

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प के सातवें दिन मुख्य मंच पर भक्ति, संस्कृति और लोककला का अद्भुत संगम देखने को मिला। मनोज राजपूत इंटरटेनमेंट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत संतोष थापा द्वारा प्रस्तुत जगराता से हुई। पहली प्रस्तुति ÷हे गणपति गणराज तेरी जय हो...÷ से वातावरण भक्तिमय हो गया। ÷तोर चरण म कर्मा माता

दिन-रात.. गीत के माध्यम से कर्मा माता की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर दर्शक भक्ति में लीन हो गए।

शिवमय हुआ मंच, झांकी बनी आकर्षण: जब संतोष थापा ने 'हर हर हर हर भोला...' और 'बम बम भोलेनाथ... ' गीतों की प्रस्तुति दी, तो पूरा मंच शिवमय हो गया। इस अवसर पर मनोज राजपूत द्वारा शिवजी की वेशभूषा में प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकी ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद झिलझिल ओ झिलझिल ओ बारे हो दिया तोर नाव के, हे शीतला दाई मोर गांव के... गीत पर दर्शक भी झूमते और गुनगुनाते नजर आए।

पिकअप ने बाइक को चपेट में लिया, एक की मौत

सूरजपुर/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुतिया नाला के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइक सवारों को चपेट में ले लिया. हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके अलावा दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं. गंभीर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है. मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है. घटना से आक्रोशित लोगों ने पिकअप चालक की पिटाई कर दी, जिसके बाद वह भीड़ को चकमा देकर फरार हो गया।

जिला खनिज न्यास निधि में निजी फर्म की मनमानी, दबाव बनाकर लिया कार्य आदेश बना चर्चा का विषय

सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के नाम पर गड़बड़झाला की आशंका

कोरिया /नवप्रदेश। गांव के गली मोहल्ले को सौर ऊर्जा के जरिए रोशन करने के लिए सरकार ने गांवों में सोलर लाइटें लगाने का निर्णय लिया लेकिन यह योजना भी कमीशन खोरी की भेंट चढ़ने लगे है। कार्य ग्राम पंचायत में एजेंसी सूरजपुर जिले की किंतु ठेकेदार जुगाड़ से जिससे लाइटों में खराबी आने पर इसकी जवाबदेही कौंन होगा यह निर्माण एजेंसी बता पाने में समर्थ नही जिससे अब जिला खनिज न्यास निधी योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने की संभावना है। क्योकि जिले में पूर्व में जिला खनिज न्यास योजना से बीआर लाईट मशीनरी विभाग के देखरेख में लाइटों में घटिया किस्म के सामान लगाए गए हैं।जहा लाइट कुछ घंटे जलने के बाद बंद हो जाती हैं।जिन्हें निर्माण एजेंसी में शिकायत् के बाद भी आज तक नही बनाया गया जो कि पूर्व में विधायक निधि से स्वीकृति कर ग्राम पंचायत में कार्य संभवत इसी एजेंसी से कराया गया था जिससे एक बार इसकी ऊची कीमत व गुडवत्ता को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं !

मिली जानकारी अनुसार कोरिया जिला मुख्यालय के ओड़गी ग्राम पंचायत में झुमका पर्यटन को रोशनी से जगमगाने ऊंचे दामो पर सक्षम अधिकारी के तकनीकी स्वीकृति के आधार पर निम्नलिखित अनुशंसित कार्यो की जिला खनिज न्यास से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है जहा कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड में लगभग लाखो रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई हैं जहा निर्माण एजेंस ग्राम पंचायतों को न बनाकर बी आर लाईट मशीनरी विभाग को बनाया गया हैं जब कि जानकारों का मानना है कि सौर ऊर्जा उपकरण लगाने इस निर्माण विभाग को एजेंसी बनाना उचित नही ।

कोरिया जिले में जिला खनिज न्यास निधी की राशि से स्वीकृत कार्यो में एक बार फिर बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। जहा जिला प्रशासन ने बी आर लाईट मशीनरी विभाग को निर्माण एजेंसी बनाकर इतिहास रच दिया जब कि क्रेडा विभाग के अधिकारियों का ही मानना है कि इस विभाग को निर्माण एजेंसी नही बनाया जा सकता ऐसे में निर्माण एजेंसी बनाने व मरम्मत को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं ।

वही जिले के बाहर के एक ही फर्म से जिलों में बिना निविदा व कोटेशन कार्य आदेश जारी होने व कार्य से पहले ही एक अंजान ठेकेदार को 30 हजार की लागत की एक सामग्री का 66 हजार के करीब के सामग्री का बता कार्य देना ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट लगाने में भारी अनियमितता की सुगबुगाहट है।जबकि बिजली की बचत करने और सौर ऊर्जा से गांवों को रोशन करने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायतों में सोलर लाइटें लगाने की योजना बनाई है। जिला खनिज निधि से पैसे दे रहे लेकिन फिलहाल, यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। एक तो अधिकारी जिला खनिज मद से राशि देते हैं फिर अपने चहेतों ठेकेदारों को काम दिलाते हैं। साथ ही लाइटों में दूसरे दर्जे के सामान का प्रयोग किया जाता है। इस कारण सोलर लाइटें शोपीस बनकर रह जाती हैं। जो बाद में कमीशन के चक्कर में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगी है। जिसमें गुणवत्ता न के बराबर है। वही जिस हिसाब से इन खम्बो को दूरी पर लगाया जा रहा उसकी भी आवश्यकता नही है फिर में कमीशन की मिठास में अधिकारियों के द्वारा कार्य की स्वीकृति को लेकर संदेह होना स्वाभाविक हैं ।

सूरजपुर की एक संस्था को ही कार्य आदेश क्यों

मिली जानकारी अनुसार कोरिया जिले में जिला खनिज न्यास मद से एक अधिकारी के अनुसंशा से गाँव के सड़को को रोशन करने सोलर स्ट्रीट लाइट की स्वीकृति दी गई किंतु कोरिया जिले के ओड़गी ग्राम पंचायत में क्रेडा विभाग को छोड़ जिले से करीब 50 किमी दूर एक ही संस्था को लाइट लगाने का कार्य आदेश दी गई यह किसी चमत्कार से कम नही। वही निर्माण विभाग ग्राम पंचायत को जानकारी देना भी उचित नही समझते जिससे अधिकारी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं ।

जिन्हें उखाड़ा उन्हें ही यहां लगाया आखिर क्यों

जानकारी अनुसार इन खंबो को पूर्व में कलेक्टर रोड के मुख्य सड़कों पर लगाया जा रहा था जहाँ स्थानीय विधायक के हस्तक्षेप व लागत के विरोध के बावजूद लगे खंबो को लगा कर पुनः निकाल दिया गया अब इन्हीं खम्बो को पुनः रंग रोगन कर 66 हजार की दर से एक खंबो को यहाँ लगाना व कार्य करना क्या मजबूरी है इस संबंध में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आये वही ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि उन्हें इस कार्य के संबंध में जानकारी नही की कार्य की स्वीकृति कब हुई व किस विभाग द्वारा कराया जा रहा इस संबंध में जिला अधिकारी ही जानकारी उपलब्ध करा पायेंगे ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com